# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित


सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 60 | गौतमबुद्धनगर, सोमवार 29 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3
फिल्म सिटी को लेकर यमुना प्राधिकरण में हुई




P- 4
डंडे-सरिया से पीट-पीटकर बेटे ने की मां की हत्या



P- 5
ईरान के अंतरिक्ष हश्वलान से पश्चिमी देश घबराए, तीन उपग्रहों की लांचिंग



P- 6
बोपन्ना सबसे अधिक उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले पहले खिलाड़ी




## हैप्पी मॉर्निंग

मास्टर- पढाई शुरू कर दो, पेपर आने वाले हैं
पप्पू- मैं तो खूब पढाई करता हूं, कुछ भी पूछ लो
मास्टर- बता ताजमहल किसने बनाया
पप्पू- मिस्त्री ने
मास्टर- अबे गधे मतलब किसने बनवाया
पप्पू- ठेकेदार ने बनवाया होगा।




## शायरी

क्यूँ पशेमाँ हो अगर वादा वफ़ा हो न सका
कहीं वादे भी निभाने के लिए होते हैं

## अर्थसार

संसेक्स:
71,060.31
+689.77 (0.98%)
निफ्टी:
21,453.95
+215.15



## मौसम



अधिकतम : 18 डिग्री से0
न्यूनतम : 11 डिग्री से0
सूयोदय मंगलवार : 7 : 15
सूर्यास्त सोमवार : 5 : 55

# राहुल जलपाईगुड़ी से करेंगे 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' फिर से शुरू

एजेंसी

**सिलीगुड़ी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी रविवार को उत्तरी पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले से अपनी' भारत जोड़ो न्याय यात्रा' फिर से शुरू करेंगे।

पार्टी सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी। गांधी ने 25 जनवरी को राज्य के सबसे उत्तरी जिले कूच बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा (बीजेएनवाई) के बंगाल चरण का पहला चरण पूरा किया। इस दौरान पूरे रास्ते उनका स्वागत करने के लिए हजारों लोगों की कतार सड़क पर लगी रही, जिसके बाद उन्हें भारी नैतिक प्रोत्साहन मिला। कांग्रेस के एक स्थानीय नेता ने दावा किया, यह सभा स्वतस्फूर्त थी।

सूत्रों ने कहा कि बंगाल में बीजेएनवाई के पहले चरण के बाद, श्री गांधी नयी दिल्ली लौट गए और अब इस कार्यक्रम के दूसरे चरण के लिए रविवार को बागडोगरा हवाई अड्डे पर उतरने वाले



हैं। बागडोगरा हवाई अड्डे पर उतरने के बाद गांधी जलपाईगुड़ी जिले जाएंगे और यात्रा फिर से शुरू करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि यात्रा के दौरान श्री गांधी पैदल के साथ-साथ बस में भी लोगों से बातचीत करेंगे। यात्रा रात भर सिलीगुड़ी में रुकेगी और सोमवार को कांग्रेस नेता इस्लामपुर के लिए रवाना होंगे, जो उत्तरी पश्चिम बंगाल का एक वाणिज्यिक शहर है।

इस बीच रिपोर्ट में है कि श्री गांधी के कुछ कटआउट और पोस्टर अज्ञात उपद्रवियों फाड़ दिया।

## ओडिशा में डीआरआई ने हाथी दांत के साथ तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 8.986 किलोग्राम वजन के हाथी के दो दांत जब्त किये हैं। डीआरआई सूत्रों ने रविवार को बताया कि अधिकारियों ने 26 जनवरी को ओडिशा के देवगढ़ में एक घर पर छापा मारा और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रतिबंधित वस्तुओं को ले जाने के लिए एक वाहन को भी जब्त कर लिया। डीआरआई सूत्रों ने कहा कि हाथी दांत और ग्रसनी का अवैध व्यापार बुल एलीफैंट्स की कमी में योगदान देता है, क्योंकि विशाल दांतों के लिए अक्सर उनका शिकार किया जाता है। उल्लेखनीय है कि अनुसूची-I प्रजाति के रूप में वर्गीकृत हाथियों को वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत कड़ी सुरक्षा प्रदान की जाती है।

# पांच लोग घर में जिन्दा जले

## कमरा बंद करके सोया था परिवार; न चीखें आईं न पड़ोसियों का पता चला



पुलिस मौके पर पहुंची, दरवाजा तोड़कर सभी के शवों को बाहर निकाला गया।

बरेली। बरेली में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां परिवार के पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मरने वालों में पति-पत्नी और 3 बच्चे हैं। सुबह धुआं उठता देखा तो आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम अंदर पहुंची, तो वहां सभी की मौत हो चुकी थी।

पुलिस को आशंका है कि शॉर्ट सर्किट या किन्हीं अन्य कारण से घर में आग लग गई। परिवार सो रहा था ऐसे में शायद उन्हें जब तक पता चला तब तक आग बढ़ चुकी थी और वह बाहर नहीं निकल पाए। एक और आशंका यह भी है कि कमरे में धुआं भरने के चलते सभी की मौत हो गई। हालांकि, पुलिस अन्य एंगल पर भी जांच कर रही है।

### चेहरे काले, कपड़े जलकर शरीर में चिपके

फोरेंसिक टीम हीटर में शॉर्ट सर्किट से ही कमरे में आग लगना मान रही है। वजह है कि एक हीटर का वायर जला हुआ था। सभी के चेहरा काले पड़े मिले हैं। कपड़े जलकर शरीर से चिपक गए हैं। चारपाई और बेड भी जले मिले हैं। अजय गुप्ता, उसकी पत्नी और बच्चों के शव दरवाजे के पास नहीं मिले हैं। इससे पुलिस और फोरेंसिक टीम मान रही है कि आग लगने पर भागने का प्रयास या दरवाजा खोलने का प्रयास नहीं किया।

डीएम रविंद्र कुमार ने कहा, जिला प्रशासन की ओर से मृतक के परिवार वालों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही अंतिम संस्कार का खर्च भी प्रशासन उठाएगा।

### कमरे में हीटर जलाकर सोया था परिवार

पुलिस के मुताबिक, मृतकों में अजय गुप्ता, उनकी पत्नी अनिता और 3 बच्चे-दिव्यांश (9), दिव्यांग्या (6 ) और छोटा बेटा दक्ष (3) हैं। रात में पूरा परिवार कमरे में सोया हुआ था। कमरे में हीटर चलने की बात भी सामने आ रही है।

सुबह पड़ोस के रहने वाले युवक ने देखा, तो दरवाजा बंद था। घर से धुआं उठ रहा था। इसके बाद उसने आस-पास के लोगों को इसके बारे में बताया। देखते ही देखते आस-पास के लोगों को भीड़ जुट गई। फिर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर सभी को बाहर निकाला गया।

# ट्रक में पीछे से जा भिड़ी कार, 6 लोगो की मौत

**पुलिस का कहना है कि ड्राइवर को कार चलाते हुए नींद आ गई थी**

तेनकासी। तमिलनाडु के तेनकासी में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें 6 लोगों की जान चली गई। जानकारी के मुताबिक एक कार सामने जा रही ट्रक में पीछे से जाकर भिड़ गई। तेज रफ्तार से आ रही कार सीमेंट से लदे ट्रक से भिड़ गई। इसके बाद कार के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के मुताबिक कार पर सवार




लोग वीकेंड ट्रिप के बाद घर लौट रहे थे। इनकी पहचान कार्तिक, वेल मनोज, सुब्रमणि, मनोहरन और पोथीराज के रूप में हुई है।

पुलिस का कहना है कि ड्राइवर को कार चलाते हुए नींद आ गई थी। इसी वजह से कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। घटना सुबह के करीब 3.30 बजे की है। ट्रक केरल जा रहा था।

हादसे के बाद मौके पर ही 6 में से पांच की मौत हो गई। वहीं एक ने अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। कार की ऐसी हालत हो गई थी कि उसमें से शवों को निकालने में आधा घंटा का समय लग गया। शवों को निकालने में फायर डिपार्टमेंट की भी मदद लेनी पड़ी। इसके बाद शवों को ऑटोप्सी के लिए तिरुनेलवेली के सरकारी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। पुलिस ने भी हादसे को लेकर जांच करने की बात कही है। तीन दिन पहले ही धर्मापुरी के थोप्पुर घाट में इसी एक भीषण हादसा हुआ था जिसमें चार लोगों की जान चली गई थी।घटना में कम से कम 8 लोग घायल भी हुए थे। बाद में हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था जिसमें देखा गया एक ट्रक कई वाहनों को रौंदता चला गया। चार वाहन इसकी चपेट में आ गए थे।

# नीतीश 9वीं बार बिहार के सीएम बने

**2 डिप्टी सीएम सहित 8 मंत्रियों ने शपथ ली**

पटना। नीतीश कुमार ने रविवार शाम 5 बजे 9वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष रहे विजय सिन्हा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। शपथ ग्रहण के बाद सीएम नीतीश ने कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा।



साथ ही कहा कि अब कहीं जाने का कोई सवाल नहीं है। नीतीश ने कल सुबह 11 बजे ही इस्तीफा दिया था। इस्तीफे के साथ नई सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इसके बाद दोपहर में भाजपा ने नई सरकार को समर्थन का औपचारिक ऐलान किया था।

शाम पांच बजे हुए समारोह में नीतीश के साथ कुल 8 मंत्रियों ने शपथ ली।

**उपमुख्यमंत्री**

1. सम्राट चौधरी (भाजपा) 2. विजय सिन्हा (भाजपा)

**मंत्री**

3. डॉ. प्रेम कुमार (भाजपा)
4, विजेंद्र प्रसाद (जदयू)
5. श्रवण कुमार (जदयू)
6. विजय कुमार चौधरी (जदयू)
7. संतोष कुमार सुमन (हम)
8. सुमित सिंह (निर्दलीय)

**साइबर अपराध** | **इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉस टीम (सीईआरटी-इन) ने जारी की एडवाइजरी**

# हाई प्रोफाइल सोशल मीडिया अकाउंट पर साइबर अपराधियों की नजर

एजेंसी

नई दिल्ली। सोशल मीडिया आज के समय में हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। हम अपने दोस्तों और परिवार के साथ जुड़ने, समाचारों से अपडेट रहने और मनोरंजन के लिए इंटरनेट मीडिया का उपयोग करते हैं।

हालांकि, सोशल मीडिया अकाउंट को हैक होने का खतरा भी होता है। हैकर्स आपके अकाउंट तक पहुंचकर आपके निजी डेटा को चुरा सकते हैं, आपके अकाउंट का उपयोग गलत जानकारी फैलाने के लिए कर सकते हैं या आपके अकाउंट को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### 'स्कैमर के निशाने पर हाई प्रोफाइल लोगों के अकाउंट'

भारत की संघीय साइबर सुरक्षा एजेंसी ने एक एडवाइजरी में कहा कि हाल में ऐसी घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिसमें स्कैमर हाई प्रोफाइल लोगों और सरकारी संगठनों के इंटरनेट मीडिया खातों को अपने नियंत्रण में कर दुष्प्रचार अभियान चलाते हैं।

इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉस टीम (सीईआरटी-इन) ने कहा कि ऐसे खातों की सुरक्षा जरूरी है। उसने सोशल मीडिया अकाउंट से छेड़छाड़ पर नजर रखने के लिए कुछ कदम



उठाने का भी सुझाव दिया।

### सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव के साथ सुरक्षा खतरे भी

एडवाइजरी में कहा गया है कि आज की दुनिया में सोशल मीडिया जनमत बनाने और सूचना फैलाने में अहम भूमिका निभाता है। ये मंच व्यक्तियों, सरकारों और उद्यमों के लिए आवश्यक और संचार तथा सामाजिक गतिविधियों के लिए एक शक्तिशाली माध्यम बन गए हैं। इसमें कहा गया है कि हालांकि, सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव के साथ सुरक्षा खतरे भी हैं।

### अपने सॉफ्टवेयर और ब्राउजर को अपडेट रखें

सोशल मीडिया खातों के दुरुपयोग को रोकने और विश्वसनीय सूचना के प्रसार के लिए उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है। एडवाइजरी में कहा गया है कि अपने सॉफ्टवेयर और ब्राउजर को अपडेट रखें। अपडेट में अक्सर सुरक्षा पैच शामिल होते हैं जो आपके अकाउंट को हैक होने से बचा सकते हैं। इसके साथ ही अनजान लोगों के लिंक पर क्लिक न करें या संदिग्ध ईमेल न खोलें। हैकर्स अक्सर लोगों को अपने अकाउंट की जानकारी देने के लिए लिंक या ईमेल का उपयोग करते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट को हैकिंग से सुरक्षित रख सकते हैं।

# प्रयागराज में खड़े डंपर से टकराया आटो रिक्शा, दो मरे

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के पूरामुफ्ती क्षेत्र में घने कोहरे के कारण तेज रफ्तार आटो सड़क के किनारे खड़े डंपर से टकरा गया जिसमें सवार एक महिला समेत दो की मौत हो गयी जबकि चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि रविवार की सुबह पिपरी कोतवाली के कस्बा चायल निवासी आटो चालक अरशद अपने भाई मोहम्मद अमन के साथ ऑटो में सवारी भरकर मुंडेरा मंडी सब्जी लेने जा रहा था। पूरामुफ्ती कोतवाली के केंद्रीय विद्यालय के समीप घने कोहरे में सड़क किनारे खड़ी डंपर को देखकर आटो चाले अपना अनियंत्रण खो बैठा। इसी बीच




पीछे से आ रहे ऑटो ने उसे टक्कर मार दी जिससे ऑटो डंपर से जा भिड़ा।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना में ऑटो सवार चालक का भाई मोहम्मद अमन (22), छोटा लालापुर की मंजू देवी (40) की मौके पर मौत हो गई, जबकि कस्बा चायल अजमतगंज निवासी श्रीराम, सीताराम, ऑटो चालक अरशद गंभीर रूप से घायल हो गए।

# संसद में विजिटर्स के लिए बदला एंट्री सिस्टम, बायामीट्रिक जांच होगी

## स्मार्ट कार्ड सबमिट करना होगा; 13 दिसंबर के हमले के बाद फैसला

नई दिल्ली। संसद भवन परिसर में विजिटर्स की एंट्री के लिए नया सिस्टम बनाया गया है। ये बदलाव 31 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र से ही लागू हो जाएंगे। यह प्रक्रिया तीन चरणों में होगी। इसके तहत संसद की कार्यवाही देखने के लिए गेस्ट को क्क्रकोड लेना होगा। संसद में आते समय विजिटर्स को क्क्र कोड का प्रिंट आउट और आधार कार्ड लाना होगा। इसके बाद उसे स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा। जिसे टैप कराने और बायोमीट्रिक जांच के बाद ही वह संसद में एंट्री कर सकेगा। संसद में जाते समय अपना स्मार्ट कार्ड जमा करना होगा, अगर वह ऐसा नहीं करता तो ऑटोमेटिकली ब्लॉक और ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। फिर वह दोबारा कभी संसद कैंपस में एंट्री नहीं कर सकेगा। दरअसल, यह बदलाव 13 दिसंबर की घटना के बाद किया गया है। जब विजिटर्स गैलरी से 2 शख्स सांसदों के बीच कूद गए थे और उन्होंने स्मोक कैन जलाकर नारेबाजी की थी।

### सांसदों को निर्देश- केवल एक पास, ऑनलाइन आवेदन करें

बजट सेशन के लिए पास लेने विजिटर्स 31 जनवरी शाम 4 बजे तक ही आवेदन कर सकते हैं। इतना ही नहीं सांसदों को उस दिन के लिए विजिटर्स गैलरी के लिए केवल एक पास का आवेदन करने के लिए कहा गया है। इसमें भी सांसद के जीवनसाथी को प्राथमिकता दी जाएगी। सांसदों को सलाह दी गई है कि वे इस बात पर जोर दें कि उनके मेहमान/आगंतुक पब्लिक गैलरी पास के लिए आवेदन के साथ अपना सही पता, फोन नंबर और आधार कार्ड की एक कॉपी जमा करें।

# 23.25 करोड़ रुपये के मेथाक्वालोन के साथ दो गिरफ्तार

**चेन्नई।** नारकोटिक्स इंटेलिजेंस ब्यूरो-अपराध जांच विभाग (एनआईबी-सीआईडी) के अधिकारियों ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में 23.25 करोड़ रुपये मूल्य की 93 किलोग्राम मेथाक्वालोन जब्त की है और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी-अपराध एवं प्रवर्तन) महेश कुमार अग्रवाल ने रविवार को यहां बताया कि चेन्नई इकाई की एनआईबी-सीआईडी को साइकोट्रॉपिक पदार्थों को ग्रे मार्केट में बेचने के प्रयासों के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि इस जानकारी के आधार पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया और एनआईबी-सीआईडी टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि शनिवार को उत्तरी चेन्नई के तिरुवोट्टियूर निवासी नीलमेगाम (50) को गिरफ्तार किया गया और 25 किलोग्राम मेथाक्वालोन जब्त किया गया।




# समृद्धि की ओर बढ़ता भारत


राजनीतिक व्यवस्था कोई भी हो, उसका लक्ष्य अपने नागरिकों की भलाई सुनिश्चित करना होता है। बीसवीं सदी में आत्मनिर्णय, प्रतिनिधित्व और लोकतंत्र औपनिवेशिक सरकारों के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलनों में नारे बन गए थे। नतीजतन, नए लोकतंत्रों का जन्म हुआ, जिनमें भारत भी है। औपनिवेशिक काल और स्वतंत्रता के बीच, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) मेंभारत की हिस्सेदारी एक-चौथाई से गिरकर लगभग पांच फीसदी रह गई थी।

जबकि, आज वैश्विक जीडीपी में हमारी हिस्सेदारी (क्रय शक्ति समता के मामले में) लगभग सात-आठ फीसदी है। हमने अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को दुनिया के विकसित देशों में शामिल कराने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। पर इस लक्ष्य का पूरा होना निरंतर आर्थिक विकास से ही मुमकिन है। अभी हमारी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,100 डॉलर है। जबकि आज उच्च आय वाला देश उसे माना जाता है, जहां प्रति व्यक्ति आय 12 हजार डॉलर से अधिक हो। यानी अभी हम उच्च आय वाले देश के छठवें हिस्से के बराबर हैं। चूंकि, वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2047 में उच्च आय वाले देशों की आय सीमा स्वाभाविक ही बहुत अधिक होगी, इसलिए प्रति व्यक्ति आय का हमारा लक्ष्य 15 हजार डॉलर सालाना से अधिक होना चाहिए। भारत को विकसित देश बनाने के लिए आज से 2047 के बीच लगातार आठ फीसदी से अधिक की विकास दर पाना जरूरी है। बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय द्वारा समर्थित निजी निवेश से इस विकास को आगे बढ़ाना होगा। केंद्र सरकार निश्चित रूप से अपना काम कर रही है। जीडीपी में 2014 और 2024 के बीच केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय का हिस्सा जीडीपी के 1.5-1.6 फीसदी से दोगुना होकर जीडीपी का 3.0-3.2 फीसदी हो गया है।

बुनियादी ढांचे में यह निवेश लॉजिस्टिक की लागत को कम करेंगे और हमारी विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में निवेश से इस क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ेगा। उच्च विकास दर हासिल करने के लिए विनिर्माण और निर्यात का भी विस्तार होना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश और व्यापार सुगमता पर ध्यान देने से व्यापार करने की लागत में कमी आएगी। हालांकि बहुत कुछ हासिल किया जा चुका है, पर अब अगली छलांग पर ध्यान देना चाहिए। राज्य स्तर पर प्रक्रियाओं, मंजूरी, लाइसेंस, फॉर्म्स आदि व्यवस्थाओं को निश्चित रूप से तर्कसंगत और सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए। अब यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने राज्यों को निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा दें। तेजी से उभर रही नई प्रौद्योगिकी के साथ भारत को तकनीकी रूप से छलांग लगाने के लिए नवाचार-समर्थक नियामक दृष्टिकोण की जरूरत है।

भारतीय नियामकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पर्याप्त क्षमता से सुसज्जित हों और नई प्रौद्योगिकियों को विकसित होने का मौका देने का लचीलापन भी दिखाएं। हमें निर्यात बाजारों को भी आक्रामक रूप से लक्षित करना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश के अलावा केंद्र एवं राज्य सरकारों को भूमि एवं श्रम सुधारों को लागू करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उद्योगों के लिए बिजली की लागत को भी अन्य समकक्ष राष्ट्रों के हिसाब से प्रतिस्पर्धी बनाना चाहिए। सरकार लागत संबंधी कमियों को दूर करने का प्रयास तो कर ही रही है, निजी क्षेत्रों को भी नवाचार, अनुसंधान व विकास और गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। भारत में अनुसंधान व विकास पर ज्यादातर खर्च सार्वजनिक क्षेत्र से होता है। खासकर उद्योग 4.0 (एआई, मशीन लर्निंग इत्यादि) में निजी अनुसंधान एवं विकास हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल कौशल और साक्षरता पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए और कौशल विकास उद्योग आधारित होने चाहिए।

# दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे...



तनवीर जाफ़री

कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के नाम से सड़कों पर उतर चुके हैं। कार्यक्रमानुसार यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा लगभग 66 दिनों तक चलते हुये देश के 15 राज्यों और 110 ज़िलों से होकर गुज़रना प्रस्तावित है। 20 मार्च को मुंबई में ख़त्म होने वाली यह यात्रा 15 राज्य और 110 ज़िलों के 337 विधानसभा व 100 लोकसभा सीटों से होकर गुज़रेगी। 14 जनवरी को राहुल गांधी द्वारा मणिपुर के थौबल से शुरू की गयी यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर के बाद नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए (मुंबई) महाराष्ट्र में समाप्त होगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट 2 को पहले से भी अधिक जनसमर्थन मिल रहा है। जगह जगह लोगों की भारी भीड़ राहुल गाँधी को सुनने व देखने के लिये उमड़ रही है। परन्तु देश का रीढ़ विहीन मीडिया राहुल गाँधी की सफल भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कोई महत्व नहीं दे रहा। मीडिया तो सत्ता के सुर से अपना सुर मिलाते हुये देश को केवल यह बताने में व्यस्त है कि देश में राम राज आ चुका है। भारत जोड़ो यात्रा पार्ट 1 और भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट 2 में एक और बहुत बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। भारत जोड़ो यात्रा पार्ट 1 के समय जब राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक 145 दिनों की कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक की यात्रा करते हुये 3570 किलोमीटर के सफ़र में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया था। उस समय किसी भी पक्ष या विपक्ष के सत्तासीन राज्य से गुज़रते वक़्त इस स्तर के शासकीय विरोध का सामना नहीं करना पड़ा था जितना इस बार उन्हें भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट 2 के दौरान अपनी यात्रा के शुरुआती दौर में ही भाजपा शासित असम राज्य में करना पड़ा। असम में राहुल गाँधी की यात्रा रोकने, बाधित करने व राहुल गाँधी व उनके साथियों को हतोत्साहित करने के लिये असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपना पूरा ज़ोर लगा दिया। राजनीति में इस तरह का विरोध राजनैतिक विरोध कम व्यक्तिगत रंजिश जैसा अधिक प्रतीत होता है ? हिमंता बिस्वा सरमा ने राजनीति का कखग कांग्रेस में ही रह कर सीखा है। सरमा के कांग्रेस में रहते हुये भाजपा इन्हें देश का सबसे भ्रष्ट कांग्रेस नेता बताया करती थी। कुछ अजित पवार की ही तरह। परन्तु जब से उन्होंने भाजपा में शरण पाई तब से वे न केवल असम में एक भाजपाई मुख्यमंत्री के रूप में सुशोभित हो रहे हैं बल्कि भाजपा की नेहरू-गांधी परिवार व कांग्रेस विरोधी मुहिम के भी सबसे बड़े अगुआकार के रूप में नज़र आ रहे हैं। यहाँ तक कि कुर्सी पर बने रहने और अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचारों की आंच से महफ़ूज़ रहने के लिये वे संघ व भाजपा के साम्प्रदायिक व विभाजनकारी एजेंडे के भी नायक बने दिखाई देते हैं।

शायद तभी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांचवें दिन यानी 18 जनवरी को जब राहुल गांधी ने मणिपुर से नगालैंड होते हुये असम में प्रवेश किया तो उन्होंने असम के शिवसागर ज़िले में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा और आरएसएस देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक अन्याय कर रही है। जबकि भारत जोड़ा न्याय यात्रा का लक्ष्य हर



धर्म, हर जाति के लोगों को एकजुट करने के साथ इस अन्याय के ख़िलाफ़ लड़ना भी है।

इसी तरह राहुल ने यात्रा के अगले दिन 19 जनवरी को असम के लखीमपुर ज़िले के गोगामुख में एक जनसभा में कहा कि -भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दिल्ली से हिंदुस्तान पर शासन करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस स्थानीय शासन का समर्थन करती है।

एक ओर तो असम से गुज़रते वक़्त राहुल अपनी सभाओं व वार्ताओं में संघ व भाजपा पर तथा मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आक्रामक थे तो दूसरी तरफ़ उन्हें भारी जनसमर्थन व जन उत्साह देखने को मिल रहा था। शायद यही बात भाजपा व बिस्वा सरमा से सहन नहीं हो सकी और संभवतः इसी वजह से राजनैतिक विरोध व्यक्तिगत विरोध के स्तर तक आ गया।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने 19 जनवरी को यह यह कह दिया था कि कांग्रेस की न्याय यात्रा को न तो सुरक्षा दी जाएगी, न ही यह यात्रा शहर से होकर गुज़रने दी जायेगी। इसी के अगले दिन यानी 20 जनवरी को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क़ाफ़िले पर हमला किया गया। भाजपा के कुछ कार्यकर्ता अपनी पार्टी के झंडे लेकर राहुल की बस के सामने आ गए। राहुल भी बस से बाहर निकल पड़े। कांग्रेस ने इस हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है। कांग्रेस के अनुसार- भाजपा के गुंडों ने पोस्टर-बैनर फाड़े, गाड़ियों में तोड़फोड़ की। यह लोग यात्रा को मिल रहे समर्थन से घबरा गए हैं। इसके अगले दिन यानी 21 जनवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आठवें दिन, असम में ही राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की की गयी।

उनके सिक्योरिटी गार्ड राहुल को बचाते हुए बस के अंदर सुरक्षित वापस ले गए। यहां कांग्रेस के पोस्टर्स व होर्डिंग्स फाड़े गये।

इसके बाद उसके अगले दिन यानी 22 जनवरी को न्याय यात्रा के नौवें दिन राहुल अपने साथियों के साथ नगांव पहुंचे। वे यहां बोर्दोवा थान में संत श्री शंकरदेव के जन्म स्थल बताद्रवा थान मंदिर में दर्शन करने के लिये जाना चाहते थे परन्तु उन्हें प्रवेश करने की इजाज़त नहीं दी गई। सुरक्षाबलों ने राहुल और अन्य कांग्रेसी नेताओं का क़ाफ़िला रास्ते में हैबरगांव में रोक दिया।

यहां सुरक्षाबलों से बहस के बाद राहुल और अन्य कांग्रेसी नेता धरने पर बैठ गए। इस विषय पर जब असम सीएम हेमंत बिस्वा सरमा से सवाल किया गया तो उत्तर था कि - आज रावण के बारे में तो बात मत कीजिए ?

इसी तरह राहुल गांधी को असम के एक विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करने के लिये प्रवेश नहीं करने दिया गया।

आख़िरकार 23 जनवरी को यात्रा के 10वें दिन राहुल गांधी ने विश्वविद्यालय के छात्रों से असम-मेघालय सीमा पर सड़क पर बातचीत की और कहा- कि मैं आपकी यूनिवर्सिटी आकर आपसे बात करना चाहता था और ये समझना चाहता था कि आप किन मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इसके बाद जब राहुल गांधी की न्याय यात्रा गुवाहाटी पहुंची तो असम पुलिस ने गुवाहाटी सिटी जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग लगाकर यात्रा को रोक दिया। यहां कांग्रेस समर्थकों के साथ पुलिस की भिड़ंत व धक्का मुक्की हुई। भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ डाली। इसके बाद राहुल गांधी सहित अन्य कई नेताओं के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी। इस संबंध में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद हम राहुल गांधी को गिरफ़्तार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान दंगा भड़काने की कोशिश की गयी थी और कांग्रेस ने असम में एक बड़ा सांप्रदायिक टकराव भड़काने की साज़िश रची थी।

सवाल यह है कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज़ दबाने का आख़िर यह कौन सा तरीक़ा है ? क्या राजनैतिक विरोध अब निजी शत्रुता जैसा रूप ले चुका है ? वैसे दलबदल व अवसरवादिता की राजनीति के इस दौर में ख़ासकर थाली के बैंगन राजनीतिज्ञों के लिये डॉ बशीर बद्र का यह शेर बहुत ही प्रासंगिक लगता है -

दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाईश रहे।

जब कभी हम दोस्त हो जाएँ तो शर्मिंदा न हों।।

# टाईम पास

# डार्कवेब पर अवैध कारोबार की भरमार

इंग्लैंड का एक शहर वेल्स। 21 साल की एलोइस पैरी अपनी यूनिवर्सिटी की सबसे मेधावी छात्राओं में थी, लेकिन ज्यादा वजन को लेकर दोस्त उसका मजाक उड़ाते थे। वजन जल्द कम करने के लिए उसने डार्क वेब से जो दवा खरीदी, वह उन तत्वों से बनी थी, जिनका इस्तेमाल पहले विश्वयुद्ध में विस्फोटक के रूप में होता था। यह इतनी खतरनाक दवा थी कि इसके सेवन के बाद एलोइस बच नहीं पाई। सिर्फ एक गोली ने वसा को जलाने के साथ उसका शरीर अंदर से पूरी तरह भून दिया था।

अमेरिका के इलिनॉयस की एक नर्स। जिससे विवाह करना चाहती थी, वह शादीशुदा था। डार्क वेब पर हत्यारे उपलब्ध कराने वाली एक वेबसाइट से उसने अपने प्रेमी की पत्नी की हत्या के लिए 12 हजार डॉलर खर्च कर एक हत्यारा हायर किया। हालांकि वह पकड़ ली गई, फिलहाल जेल में है।

13 साल के दो बच्चे ग्रांट सीवर और रयान एंसवर्थ अच्छे दोस्त थे, एक ही स्कूल में पढ़ते थे। डार्क वेब से खरीदे गए एक नशीले पदार्थ के सेवन से दोनों स्कूल में मृत पाए गए। दोनों के चेहरे जहर से नीले पड़ गए थे।


'डार्क वेब', इंटरनेट की दुनिया का वह क्षेत्र है, जहां पहुंचने के लिए खास सॉफ्टवेयरों की जरूरत पड़ती है। लेकिन एक बार यहां पहुंच गए, तो खुलती है रहस्यों की रियासत। वर्ल्ड वाइड वेब की इस काली दुनिया में कई वेबसाइटें ऐसी होती हैं, जो खुद को ऐसे छिपाए रखती हैं कि दुनिया का कोई सर्च इंजन आपको उन तक पहुंचा नहीं सकता। अगर उन तक जाना है, तो आपको उनका एड्रेस मालूम होना जरूरी है। इस अंधेरी दुनिया में बाजार भी लगते हैं, जिन्हें 'डार्कनेट बाजार' कहते हैं, जिनमें ड्रग्स से लेकर खतरनाक हथियार तक बिकते हैं। यहां रुपया या डॉलर नहीं चलता, सारा भुगतान होता है क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में। हत्याओं के लिए डार्क वेब पर अलग बाजार सजता है, जहां यूजर किसी की हत्या के लिए भुगतान कर सकते हैं।

अमेरिका के जिस पूर्व राष्ट्रपति का नाम आज सबकी जुबान पर और मीडिया में छाया रहता है, कथित तौर पर उसकी हत्या के लिए क्राउडफंडिंग के लिए भी एक साइट बनाई गई थी। हालांकि ऐसी वेबसाइटों से बचने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इनमें घोटालों की भी आशंका होती है। चूंकि डार्क वेब पूरी तरह से गुमनामी में काम करता है, यह उन लोगों को पसंद आता है, जो सरकारों और प्रवर्तन एजेंसियों से छिप कर काम करना चाहते हैं। सरकार के भीतर की खबरें लीक करने वाले व्हिसल ब्लोअर्स, पत्रकारों से संवाद करने के लिए और आतंकवादी या अपराधी अपने लेनदेन को गुप्त रखने के लिए इसी डार्क वेब का इस्तेमाल करते हैं।

कल्पना करें कि पूरा इंटरनेट एक बेहद विशाल और घना जंगल है। जंगल की शुरुआत से लेकर अंत तक जाने के लिए कई रास्ते हैं, जिन्हें आप गूगल, बिंग इत्यादि लोकप्रिय सर्च इंजन माने। लेकिन इन रास्तों (गूगल) से अलग भी कई जगहें हो सकती हैं, जो पेड़ों से छिपी हों। लेकिन जब तक आपको यह न पता हो कि आप खोज क्या रहे हैं, तब तक इन रास्तों से अलग कुछ भी ढूंढ पाना नामुमकिन लगता है। डार्क वेब इसी तरह काम करता है। यह जंगल की तरह चीजों को छिपाने के साथ कार्यों और पहचान को भी छिपाता है।

वेब तीन तरह से काम करता है, ओपन (सरफेस) वेब, डीप वेब और डार्क वेब। ओपन वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जो सार्वजनिक रूप से दिखता है, जिसका दुनिया के ज्यादातर लोग गूगल, बिंग इत्यादि सर्च इंजनों द्वारा उपयोग करते हैं। डीपवेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जो अमूमन लोगों की नजरों से छिपा रहता है और उन तक सामान्य सर्च इंजनों के माध्यम से नहीं पहुंचा जा सकता है। हालांकि डीपवेब का एक बड़ा हिस्सा डेटाबेस से बना होता है, जिसे कुछ सुरक्षा उपायों के साथ ओपन वेब पर एक्सेस किया जा सकता है।

## काकुरो पहेली - 3078




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 3077 का हल



## हंसी के फूव्वारें

अपराधी का पहला अपराध होने के कारण न्यायाधीश ने उसे क्षमा करते हुए कहा-'हमें पूरा विश्वास है तुम कभी यहां दिखाई नहीं दोगे.'

हां हजूर, मेरी कोशिश होगी कि पुलिस मुझे न पकड़ सके और फिर कभी मैं यहां न दिखाई दूँ.

◻ ◻ ◻

'अरे यह क्या ? आप कहां से आ रहे हैं ? कपड़े फटे हुए हैं. खून निकल रहा है, सिर पर चोट लगी है. चलो आपको घर पहुंचा दूं.' मित्र ने संवेदनाभरे स्वर में कहा.

नहीं, नहीं मैं घर नहीं जाऊंगा, घर से ही आ रहा हूँ, घायल ने शीघ्रतापूर्वक कहा.

◻ ◻ ◻

एक यात्री ने बड़े तेज स्वर में रेलवे के स्टेशन मास्टर से शिकायत कि-चालीस मिनट हो गये, ट्रेन अभी तक नहीं पहुँची.

स्टेशन मास्टर ने कहा-घबराइये नहीं, यह टिकट चौबीस घण्टे तक चल सकता है.

◻ ◻ ◻

क्या आप जानते हैं कि नाव को स्त्रीलिंग क्यों माना जाता है ?

'क्योंकि नाव हवा के साथ-साथ अपना रुख बदलती रहती है.'

◻ ◻ ◻

शिक्षक: पानी पर मच्छर क्यों बैठते हैं ?

राजीव: इसलिए कि पानी उड़ न जाये.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3078



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम ?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3077



## सूडोकु -3078

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3077 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली -3078



**बाएँ से दाएँ**

1.दयालु,उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली -3077 का हल



# प्राधिकरण पर किसान बोलेंगे हल्ला

## प्राधिकरण पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप, गांव-गांव जाकर की जनसभा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसान 30 जनवरी को हल्ला बोलेंगे। इसको लेकर किसान अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। किसान ज्यादा से ज्यादा प्राधिकरण पर पहुंचे इसको लेकर किसान सभा के कार्यकर्ता गांव-गांव जनसभाएं कर रहे हैं और लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्राधिकरण पर पहुंचने की अपील कर रहे हैं।



किसान सभा 30 जनवरी से दूसरे चरण का आंदोलन शुरू कर रही है। 10त्न आबादी प्लाट, नए कानून को लागू करना और आबादियों के निस्तारण सहित अन्य मुद्दों को लेकर आंदोलन पक्का मोर्चा लगाकर चलेगा। 30 जनवरी के आंदोलन की तैयारी के सिलसिले में किसान सभा गांव में नुक्कड़ सभाएं, पंचायतें, जनसभाएं प्रचार अभियान चला रही हैं।

प्राधिकरण ने 10 प्रतिशत आबादी प्लाट के मुद्दे को सालों लंबित रखा है। किसानों में भारी आक्रोश है। हजारों की संख्या में किसान आंदोलन में हिस्सा लेंगे, आज इसी सिलसिले में सादोपुर के बाबा समाज खेल मंदिर पर बड़ी पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला पुरुषों नौजवानों ने हिस्सा लिया।

### 10 प्रतिशत प्लाट की लड़ाई अंतिम दौर में

पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि 10त्न प्लाट की लड़ाई अपने अंतिम दौर में है। प्रस्ताव बोर्ड बैठक से पास होकर शासन के अनुमोदन के लिए चला गया है, जिसे मंजूर कराकर ही किसान सभा दम लेगी। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि नए अधिग्रहण कानून के संबंध में प्रस्ताव पास हो चुका है, उसका भी शासन से अनुमोदित होना शेष है, अनुमोदन करा कर ही आंदोलन खत्म होगा।

### 124 दिन तक पहले चला था आंदोलन

किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने ऐलान किया कि रोजगार और भूमिहीनों के मुद्दों पर किसान सभा गंभीर हैं। वेंडिंग जोन के आरक्षण को लागू करवाना आवंटित करवाना इस आंदोलन का मकसद है। सुरेंद्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान सभा 30 जनवरी से पक्का मोर्चा लगाकर आंदोलन करेगी, जिस तरह पहले चरण में 124 दिन तक लगातार आंदोलन चला इसी तरह अबकी बार भी लगातार आंदोलन चलाया जाएगा।

# सुपरटेक में विदेशी निवेश पर फैसला 12 फरवरी को होगा

**नोएडा।** सुपरटेक कंपनी में विदेशी निवेश की मंजूरी पर फैसला अब 12 फरवरी को होगा। ग्रुप के अधूरे प्रोजेक्टों को पूरा करने के लिए कंपनी और आईआरपी के प्रयासों से विदेशी निवेश की तैयारी तेज हो गई है।

एनसीएलएटी में चल रही सुनवाई में सभी रिपोर्ट और प्रस्ताव को देखने के बाद न्यायालय ने सिंगापुर की कंपनी से पूरा प्लान मांगा गया था। इस प्लान के आने के बाद अब न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तिथि तय की है।आईआरपी और सुपरटेक ग्रुप का मानना है विदेशी निवेश के आने से उनके अधूरे प्रोजेक्ट पूरे होंगे और निवेशकों को उनका घर मिल सकेगा। सुपरटेक में विदेशी निवेश को सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद कंपनी ने एनसीएलएटी में अपना एक प्लान दिया था। इसमें कंपनी का दावा था कि 18 प्रोजेक्टों के पूरे होने से उन्हें 12 हजार 500 करोड़ रुपये मिलेंगे। इससे वह सभी का बकाया चुका देंगे और लोगों को उनका घर भी उपलब्ध करा देंगे।

विदेशी निवेशक से उन्हें 1600 करोड़ मिलेंगे। इससे सुपरटेक लिमिटेड के 18 प्रोजेक्टों के करीब 50 हजार फ्लैटों का निर्माण पूरा हो सकेगा। 17 हजार खरीदारों को अगले दो सालों में घर सौंप देंगे। इन प्रोजेक्टों को पूरा करने के लिए उन्हें तीन हजार करोड़ रुपये चाहिए।

सुपरटेक के इन अधूरे पड़े प्रोजेक्टों पर यदि काम शुरू हो जाता है तो कंपनी में फ्लैट बुक कराने वाले लोगों को राहत मिलेगी और उन्हें उनका घर मिल सकेगा।

# मेट्रो की मांग को लेकर निवासियों ने किया प्रदर्शन

## लंबे समय से कर रहे हैं प्रदर्शन, लेकिन नहीं हो रही कोई सुनवाई

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो की मांग को लेकर एक बार फिर प्रदर्शन किया। रविवार को यह सभी लोग एक मूर्ति गोल चक्कर पर इकट्ठा हुए और जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि सरकार उनकी कोई भी सुनवाई नहीं कर रही है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि सरकार एक तरफ़ क्लीन/ग्रीन एनर्जी पर जोर दे रही है, दूसरी तरफ मेट्रो जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं की देरी पर ख़ामोश है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो के सिविल स्ट्रक्चर हेतु 2020 के बाद चार बार निविदा निकल चुकी है, बावजूद इसके अभी तक संशोधित डीपीआर में ही एनएमआरसी के अधिकारी अटके हैं।

एक दशक में भी एक प्लान न बनाने वाली संस्था के सहारे विकास का खाँचा खींचने का प्रयास कितना सफल होगा, ये वर्तमान सरकार के ज़िम्मेदार नेताओं के लिए विचारणीय विषय है। आज एक बार फिर सार्वजानिक परिवहन की व्यवस्था के लिए एक मूर्ति चौक पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी जुटे और प्रदर्शन किया।

रोहित मिश्रा ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में, निवासी कई हफ्तों से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन सुनने वाला कोई नहीं ,ऐसा लग रहा है जैसे लाखों लोगों के लिए रोज रोज आने वाली समस्याओं से इनका कोई सरोकार नहीं।

दीपांकर कुमार ने मेट्रो की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि इससे न केवल रोज लाखों कार्य के घंटे बचेंगे, बल्कि धुंए में उड़ते ईंधन पर जो विदेशी मुद्रा भारत सरकार का बर्बाद हो रहा है उसमें भी भरी कमी आएगी।

# फिल्म सिटी को लेकर यमुना प्राधिकरण में हुई अहम बैठक

## फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, बोनी कपूर सहित कई दिग्गजों ने दिया प्रेजेंटेशन

**गौतम बुद्ध नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म सिटी को लेकर यमुना प्राधिकरण के सभागार में एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में फिल्म सिटी परियोजना में बिड डालने वाली चारों कंपनियों के द्वारा अपना प्रेजेंटेशन दिया गया। इस दौरान फिल्म स्टार अक्षय कुमार ऑनलाइन जुड़े और उन्होंने भी अपनी राय रखी।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म सिटी परियोजना में शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में फ़िल्म सिटी प्रोजेक्ट हेतु बिड करने वाली चारों कम्पनीज़ के प्रतिनिधियों द्वारा प्रेज़ेंटेशन दिया गया।



इसमें प्रमुख सचिव व अध्यक्ष यमुना प्राधिकरण अनिल कुमार सागर, निदेशक सूचना शिशिर सिंह, अंशुमन त्रिपाठी सहायक निदेशक द्वारा ऑनलाइन तथा प्राधिकरण की तरफ़ से मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुण वीर सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कपिल सिंह तथा विपिन कुमार जैन, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, शैलेंद्र कुमार सिंह, सीएलए आरपी गुप्ता, कंसलटेंट कंपनी सीबीआरई सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

इस बैठक में फ़िल्म सिटी परियोजना के अंतर्गत बिड करने वाली चारों कंपनियों द्वारा अपना प्रेजेंटेशन दिया गया। इस प्रेजेंटेशन में विशेषकर कंपनियों द्वारा फ़िल्म सिटी परियोजना को विकसित किए जाने के संबंध में अपना विज़न, कॉन्सेप्ट, टाइम लाइन, हाइलाइट्स आदि बिंदुओं पर ज़ोर दिया गया। M/s. Bayview Projects LLP की तरफ से बोनी कपूर, आशीष भूटानी, सीईओ भूटानी इंफ्रा, अश्विनी चैटले एवं अली चैटले, राजीव अरोड़ा, अरविन्द कुमार बिन्नी द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया।

04 Lions Films Private Limited की तरफ से केसी बोकाडिय, करिश्मा जैन, विशाल, हर्ष जैन आदि द्वारा फ़िल्म सिटी परियोजना के संबंध में अपना विज़न प्रस्तुत किया गया। रुह्य. Supersonic Technobuild Private Limited की तरफ से फ़िल्म अभिनेता अक्षय कुमार द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। उनके द्वारा भी फिल्म सिटी को लेकर प्रेजेंटेशन दिया गया। प्राधिकरण कार्यालय में दिनेश विजन मैडॉक फिल्म्स, दिव्यांशु, अश्विनी सहित चेरीकाउंटी टीम के प्रतिनिधियों द्वारा अपना विजन एवं प्रस्तुतीकरण दिया गया।

M/s. Super Cassettes Industries Private Limited (T series) की तरफ से विनय कुमार मित्तल सीईओ फ़िल्म सिटी प्रोजेक्ट, शंकरण कन्नन, लीगल कंसलटेंट और सुधीर शर्मा तथा विवेक द्वारा टी सीरीज कंपनी के विज़न, डिज़ाइन, कॉन्सेप्ट का प्रेजेंटेशन प्राधिकरण कार्यालय में दिया गया।

चारों कम्पनीज को टेक्निकली क़लीफ़ाइड पाया गया। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि आगामी मंगलवार 30 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे यमुना प्राधिकरण कार्यालय के सभाकक्ष में फाइनेंसियल बिड खोली जायेगी।

# सूरजपुर वेटलैंड में 31 जनवरी को होगा प्रोग्राम

## 2,000 से ज्यादा लोग नेचर और बर्ड फेस्टिवल में लेंगे हिस्सा, 2 फरवरी तक चलेगा फेस्टिवल

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश में 27 जनवरी से नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल की शुरुआत हो गई है यह फेस्टिवल 2 फरवरी तक मनाया जाएगा। प्रकृति का यह कार्यक्रम प्रकृति प्रेमियों, पक्षी प्रेमियों के लिए एक आनंददायक अनुभव होने वाला है।इसी के तहत ग्रेटर नोएडा में मुख्य कार्यक्रम 31 जनवरी को सूरजपुर वेटलैंड में होगा, जहां 2000 से अधिक लोग प्रकृति और पक्षी महोत्सव में भाग लेंगे।



ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित सूरजपुर वेटलैंड में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि 27 जनवरी से 2 फरवरी तक उत्तर प्रदेश नेचर एंड वर्ल्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सभी बर्ड सेंचुरी पर यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्नाव से इस कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। हमारे यहां पर यह मुख्य कार्यक्रम 31 जनवरी को मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारा जिला प्रशासन गौतमबुद्ध नगर की जनता के लिए अपनी छुट्टियां बिताने और वन्य जीवन की सुंदरता को सर्वोत्तम तरीके से देखने के लिए एक सुंदर स्थान बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। हम अपनी प्रकृति के प्रति सभी उम्र के लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सूरजपुर वेटलैंड में इस प्रकृति और पक्षी महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जिले के वन्य जीवन को बेहतर बनाने के लिए सभी से फीडबैक लेंगे। यूपी सरकार का लक्ष्य सूरजपुर वेटलैंड को एनसीआर का सबसे अच्छा पर्यटन स्थल बनाना है।

जिला वन अधिकारी पीके श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि 31 जनवरी का प्रकृति और पक्षी महोत्सव वैश्विक हिट होने जा रहा है क्योंकि फिल्म उद्योग, नौकरशाही और वन्यजीवन के प्रसिद्ध लोग प्रकृति और पक्षी महोत्सव में शामिल हो रहे हैं।यह पक्षी महोत्सव अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव पर्यटकों को आकर्षित करने वाला है। आपको सूरजपुर वेटलैंड की खूबसूरती से प्यार हो जाएगा। वहीं शेविंग्स के संस्थापक मदन मोहित भारद्वाज ने कहा कि हम सभी स्कूलों, विश्वविद्यालयों और अभिभावकों से अपने बच्चों को लाने और उन्हें विभिन्न पक्षियों और प्राकृतिक वनस्पतियों और जीवों के बारे में बताने की अपील करते हैं। सूरजपुर वेटलैंड, ग्रेटर नोएडा के मध्य में स्थित, विविध वनस्पतियों और जीवों से भरपूर, प्राकृतिक सुंदरता का खजाना है। प्रकृति और पक्षी महोत्सव का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता और संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देते हुए इस समृद्ध जैव विविधता का प्रदर्शन और जश्न मनाना है।

31 जनवरी को यहां पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगे इस कार्यक्रम में सभी की एंट्री निशुल्क रहेगी।

# ग्रेनो वेस्ट : नशे में युवकों ने सुरक्षाकर्मी पर बंदूक तानी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की पंचशील ग्रीन 2 सोसाइटी में अंदर आने वाले गेट से बाहर जाने के लिए कुछ युवक गार्ड से बदतमीजी करने लगे। विवाद बढ़ने पर शराब के नशे में धुत युवकों ने सुरक्षा कर्मियों के ऊपर बंदूक दान दी। इस दौरान गार्ड ने भी हवाई फायरिंग की। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दो सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। शराब पीकर हंगामा करने वाले युवकों में से एक को उत्तर प्रदेश पुलिस का बड़ा अधिकारी बताया जा रहा है।पंचशील ग्रीन 2 सोसाइटी के सी टावर में शनिवार को कुछ लोग अपने परिचित से मिलने के लिए आए थे। देर रात करीब 1: 00 बजे गेट पर पहुंचकर युवक सोसाइटी के अंदर आने वाले रास्ते से बाहर जाने की जिद्द करने लगे। इस दौरान गाड़ी में सवार सभी लोगों ने शराब पी रखी थी। गेट से बाहर निकलने के बाद उन्होंने गाड़ी को सर्विस रोड पर लगाया और सुरक्षाकर्मी के साथ दुर्व्यवहार कर गाली गलौज की। युवकों में से एक ने गार्ड से लड़ाई के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस का बड़ा अधिकारी बताया। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से हाथापाई शुरू हो गई। शराब पी रहे युवकों ने गार्ड पर बंदूक तान दी। गार्ड ने अपनी बंदूक से हवाई फायर कर उन्हें वहां से भगा दिया। हवाई फायरिंग के बाद युवकों ने बिसरख कोतवाली में जाकर शिकायत की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो सुरक्षाकर्मियों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद शाम के समय दोनों के पक्षों के बीच समझौता हो गया और सुरक्षाकर्मियों को रिहा कर दिया गया। पंचशील ग्रुप के सीईओ अंकुर नगर ने बताया कि हवाई फायरिंग और मारपीट के मामले में दोनों सुरक्षा कर्मियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

# गाजियाबाद की महिला के साथ 24 लाख की धोखाधड़ी

**जेवर।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा गुजरान गांव के रहने वाले पिता-पुत्र पर रविवार को धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि करीब 6 साल पहले गाजियाबाद की रहने वाली एक महिला को लगभग 24 लाख रुपए में आवासीय भूखंड बेचा था।

आरोप है कि वही भूखंड अब किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया है। महिला की शिकायत के आधार पर रविवार को केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। क्षेत्र में काफी साल पहले ही यमुना प्राधिकरण ने जमीन अधिग्रहण कर ली थी। इन किसानों की जमीन का अधिग्रहण हो चुका है। उन किसानों को 7 प्रतिशत आवासीय भूखंड दिया जाना प्रस्तावित है।

काफी किसानों को आवासीय भूखंड धरातल पर मिल चुके हैं, जबकि अधिकांश किसान नक्शा 11 के आधार पर ही अपने भूखंडों को बेच रहे हैं। पीड़ित महिला एकता शर्मा का कहना है कि उसने साल 2017 में अट्टा गुजरान गांव के रहने वाले ब्रह्मपाल से एक भूखंड खरीदा था। इसके एवज में 23 लाख 90 हजार रुपए दिये गए थे। गवाह के तौर पर आरोपी के बेटे सुमित ने हस्ताक्षर किए थे।

### 2023 में किसी और को कर दी बिक्री

आरोपी ने वादा किया गया था कि यमुना प्राधिकरण द्वारा भूखंड का आवंटन होने पर पीड़ित के नाम रजिस्ट्री कर दी जाएगी। पीड़ित महिला का आरोप है कि साल 2023 में इस भूखंड को किसी अन्य व्यक्ति को बेचा जा चुका है। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने इसका विरोध किया।

### गाली-गलौज करके की मारपीट

आरोप है कि आरोपी ब्रह्मपाल ने अपने बेटे सुमित समेत अन्य कुछ अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसे गाली-गलौज कर मारपीट पर उतारु हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत दनकौर कोतवाली में की है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# एनएचएआई करेगा नए एक्सप्रेस-वे का निर्माण

## 32 किमी का होगा पूरा एक्सप्रेस, इस सप्ताह आ जाएगी फिजिबिलिटी रिपोर्ट

एजेंसी

**नोएडा।** नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे के विकल्प के तौर पर नया एक्सप्रेस वे का निर्माण एनएचएआई करेगी। प्राधिकरण ने इसके लिए एनएचएआई को पत्र लिखा है। इसके निर्माण में आने वाला खर्च भी एनएचएआई उठाएगा। निर्माण के बाद खर्चे की लागत विज्ञापन राइट्स के आधार वसूल की जा सकती है। इसका एक मसौदा भी तैयार किया जा रहा है। ये एक्सप्रेस वे 32 किमी का होगा। दिल्ली के कालिंदी कुंज से यमुना एक्सप्रेस वे यानी नोएडा एयरपोर्ट को सीधे कनेक्ट करेगा।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में एनएचएआई को पत्र लिखा गया है।

जिसमें निर्माण और फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी उनकी होगी। लैंड नोएडा प्राधिकरण की ओर से उनको दी जाएगी। अभी ये तय किया जा रहा है कि एक्सप्रेस वे एलिवेटड बनाया जाए या पुश्ता के समानान्तर इसका जॉइंट सर्वे किया जा चुका है।




नोएडा में करीब 28 किमी का हिस्सा इस एक्सप्रेस वे होगा।

बाकी 4 किमी का एक पेच बनाया जाएगा ये पेच यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ेगा। जिससे दिल्ली से सीधे नोएडा एयरपोर्ट तक वाहन जा सकेंगे। इस सप्ताह फिजिबिलिटी रिपोर्ट आ जाएगी।

दिल्ली और यमुना एक्सप्रेस को रोटरी के जरिए जोड़ा जाएगा इसका निर्माण भी एनएचएआई ही करायागा। क्योंकि दिल्ली में इस एक्सप्रेस वे मुंबई बड़ौदा एक्सप्रेस वे से जोड़ने का प्लान है। इन सभी तथ्यों को मिलाकर ही फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस बीच ये साफ हो गया कि नोएडा प्राधिकरण इस एक्सप्रेस के निर्माण में काई रकम खर्च नहीं करेगा।

### एक्सप्रेस वे से भार होगा काम नोएडा एयरपोर्ट को मिलेगा नया लिंक

नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। व्यस्त समय में वाहन कतार लगकर चलते हैं। वाहनों के बीच गेप काफी कम रहता है। अब इस साल जेवर एयरपोर्ट शुरू होने से वाहनों की संख्या और बढ़ जाएगी। इसको देखते हुए ये एक्सप्रेस वे काफी फायदे मंद होगा। साथ लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

### छह लेन का होगा नया एक्सप्रेस वे

समिति की ओर से हाल के दिनों में नए एक्सप्रेस के लिए सर्वे किया गया। ये सर्वे नोएडा के सेक्टर-94 यानी यमुना पुश्ता से लेकर सेक्टर-150 करीब 28 किमी तक का किया गया। यहां दो विकल्प दिए गए। पहला एक्सप्रेस वे समानांतर पुश्ता के साथ एक एक्सप्रेस वे बनाया जाए या फिर मौजूदा एक्सप्रेस वे के ऊपर एलिवेटड एक्सप्रेस वे बनाए।

### नए विकसित किए जा रहे सेक्टरों को मिलेगा लाभ

यह सड़क नोएडा के सेक्टर 128, 135, 150, 151, 168 के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा के कुछ क्षेत्रों को जाने वाले वाहन चालकों को एक अतिरिक्त कनेक्टिविटी देगा।

बता दे पुश्ता सड़क के 11 किलोमीटर के हिस्से का निर्माण पहले से ही किया गया था और जून 2014 में सार्वजनिक रूप से खोला गया था।

# शार्ट न्यूज

## महिला से साढे चार लाख ठगे

नोएडा । सेक्टर 120 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली महिला को साइबर अपराधियों ने सस्ते में लग्जरी होटल दिलाने का झांसा देकर साढ़े चार लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने महिला के खाते से तीन बार में राशि ट्रांसफर किया। पीड़िता ने सेक्टर 113 थाने में केस दर्ज कराया है।मोहिनी माने ने पुलिस को बताया कि वह 26 जनवरी को देश के नामी लग्जरी होटल की सुविधा देने वाली कंपनी होटल सरोवर का ऑनलाइन नंबर खोजा। एक वेबसाइट पर मिले होटल का नंबर लेकर कॉल किया। कॉल उठाने वाले ने खुद को होटल का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि होटल में इस समय दो कमरे उपलब्ध हैं। वह आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से कमरे बुक कराती हैं तो उनको होटल के कुल चार्ज पर तीस प्रतिशत की छूट मिलेगी। अगर वह जल्द ही होटल बुक नहीं करेंगी तो होटल कोई और बुक करा लेगा। महिला ने आरोपी के झांसे में आकर क्रेडिट कार्ड के नंबर, ओटीपी के साथ ही अन्य जानकारी आरोपी से साझा कर दी। कुछ ही देर में जालसाजों ने कार्ड और बैंक खाते से तीन बार में कुल चार लाख 79 हजार रुपये निकाल लिए। रुपये कटने का मैसेज आने के बाद महिला को ठगी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने अपने क्रेडिट कार्ड और खाते को बंद कराया। पीड़िता के मुताबिक उन्होंने ऑनलाइन जिस साइट से नंबर लिया था, वह होटल कंपनी की असली वेबसाइट की तरह ही दिख रही थी। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 186 बच्चों को दाखिला नहीं दिया

**ग्रेटर नोएडा।** परिषदीय विद्यालयों में 186 विद्यार्थियों को स्क्रीनिंग में फेल होने के कारण दाखिला नहीं दिया गया। उन्हें इस आधार पर मना कर दिया गया कि उन्हें पढ़ना नहीं आता। अब इन सभी छात्रों की एनजीओ से पढ़ाई कराई जा रही है, ताकि इनके दाखिले हो सके। अभिभावकों ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग में इसकी शिकायत की है।जानकारी के अनुसार एक एनजीओ की ओर से सर्वे किया गया था। उन्हें 200 विद्यार्थियों ऐसे मिले जो स्कूल नहीं जा रहे थे। इन बच्चों का दाखिला कराने के लिए एनजीओ की ओर से हरौला के प्राथमिक व जूनियर और सेक्टर-12 के परिषदीय स्कूल से संपर्क किया गया। दाखिला से पहले स्कूलों ने छात्रों का स्क्रीनिंग टेस्ट लिया। इसमें 15 से 20 छात्र ही पास हो पाए। अन्य छात्रों के स्क्रीनिंग टेस्ट में फेल होने व उनके आधार कार्ड न होने के चलते उन्हें दाखिला नहीं दिया गया। वहीं, कुछ शिक्षकों ने हवाला दिया कि निपुण परीक्षा नजदीक हैं, यह छात्र निपुण परीक्षा पास नहीं कर सकेंगे, जिसका प्रभाव स्कूल के रिजल्ट पर पड़ेगा। बता दें कि जिले के प्रत्येक स्कूल के तीसरी तक के विद्यार्थियों को भाषा व गणित में निपुण बनाने का कार्य चल रहा है। हालांकि मामले में बीएसए राहुल पंवार का कहना है कि एनजीओ से बच्चों की सूची मांगी गई हैं, सभी को नए सत्र में दाखिला दिलाया जाएगा।

## पैरा खिलाड़ी की दुकान पर बुलडोजर चलाया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में नगर निगम ने ग्रीन बेल्ट में अस्थायी दुकान (खोखा) बुलडोजर से गिराकर तोड़ दिया। ये खोखा इंटरनेशनल स्तर के पैरा खिलाड़ी दीपक का था। इसे उन्होंने पीएम मुद्रा लोन से 2 लाख रुपए लेकर शुरू किया था। वो नेशनल चैम्पियनशिप खेलने गोवा गए थे। इसी बीच निगम टीम ने बिना नोटिस दिए उनका खोखा तहस-नहस कर दिया। पैरा खिलाड़ी अब एक हफ्ते से सड़क पर हैं। अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर-1 स्थित जनता फ्लैट में दीपक रहते हैं। वह पैर से दिव्यांग हैं। स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर डिस्कस थ्रो और क्लब थ्रो खेलते रहे हैं। दीपक ने बताया, 3 साल पहले मैंने पीएम मुद्रा लोन के लिए आवेदन किया। उसमें मुझे 2 लाख रुपए का लोन मिला। इससे मैंने एक लोहे की अस्थाई दुकान (खोखा) बनवाई। ये दुकान आयकर विभाग के दफ्तर के सामने रखी थी। इसमें मैं पानी की बोतल, सोडा, चिप्स, नमकीन, बिस्किट बेचता हूं और परिवार का गुजर-बसर करता हूं। दीपक ने बताया, 9 से 13 जनवरी तक मैं गोवा में चैम्पियनशिप खेलने गया था। 8 जनवरी को गोवा निकल गए थे और 15 जनवरी की रात में वापस आए।


## किशोरी को अगवा कर जबरन की शादी

मोदीनगर। गाजियाबाद में मोदीनगर थाना पुलिस ने 10 दिन पूर्व अगवा की गई 16 वर्षीय किशोरी को शनिवार सुबह बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने किशोरी को अगवा करने के बाद उससे जबरन शादी की और बंधक बनाकर 10 दिन तक दुष्कर्म किया था। नगर की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति की 16 वर्षीय पुत्री बीती 16 जनवरी को लापता हो गई थी। परिजनों ने एक युवक पर अगवा करने की आंशका जताते हुए मामले की तहरीर दी थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम किशोरी की तलाश में लगी थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस की जांच-पड़ताल में सामने आया कि आरोपी ने किशोरी को अगवा करने के बाद उससे जबरन शादी की। बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। आरोपी किशोरी को कहीं ले जाने की फिराक में था। इसी बीच पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने पकड़े गए युवक का नाम दिशांत बताया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो, एसी-एसटी और दुष्कर्म की धारांए बढ़ा दी गई हैं।

## वीके सिंह के आवास पर जाने से रोका तो धरने पर बैठे यति सन्यासी

गाजियाबाद। केंद्रीय मंत्री वीके सिंह के आवास पर आमरण अनशन करने जा रहे यति सन्यासियों को पुलिस ने रोक दिया। उसके बाद छह यति संन्यासी कलक्ट्रेट के बाहर अनशन पर बैठ गए हैं। सन्यासियों की मांग है कि श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि को जेड प्लस सुरक्षा दी जाए। इस मांग को लेकर यति सन्यासियों ने हरिद्वार में हरकी पैड़ी से 25 दिसंबर 2023 को एक पदयात्रा भी निकाल चुके हैं। रविवार सुबह छह यति सन्यासी डासना देवी मंदिर से केंद्रीय मंत्री के आवास पर जाने के लिए रवाना होने वाले थे। इससे पहले ही सुबह आठ बजे इलाके की पुलिस मंदिर में पहुंच गई। श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि को जेड प्लस सुरक्षा देने के लिए सभी सन्यासी आंदोलनरत हैं। यति सन्यासियों ने अब 21 जनवरी से केंद्रीय राज्यमंत्री एवं गाजियाबाद के सांसद जनरल वीके सिंह के आवास पर आमरण अनशन शुरू करने का एलान किया था। पुलिस ने श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को लेकर ये अनशन एक हफ्ते के लिए टालने का आग्रह किया था, उसके बाद इसकी तारीख सात दिन आगे बढ़ा दी गई थी। यति नरसिंहानंद गिरि ने बताया, पुलिस ने उनके शिष्यों को मंत्री के घर जाने से रोक दिया। पुलिस ने साफ तौर पर कहा कि वे केंद्रीय मंत्री के घर नहीं जा सकते, इसके अलावा कहीं और अनशन कर सकते हैं।

## लापता किसान का शव 18 दिन बाद नहर से बरामद, प्रॉपर्टी डीलर सहित चार गिरफ्तार




गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने 11 जनवरी से लापता चल रहे 53 वर्षीय किसान उमेश चौधरी उर्फ कुकी की लाश रविवार को मुरादनगर गंगनहर से बरामद कर ली। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 2 महिलाएं भी हैं। पुलिस का दावा है कि उधार दिए 15 लाख रुपए मांगने पर आरोपियों ने रस्सी से गला घोंटकर किसान की हत्या की और लाश को कार से ले जाकर नहर में फेंक दिया। मधुबन बापूधाम इलाके में सदरपुर गांव है। यहां के उमेश चौधरी उर्फ कुकी के 15 लाख रुपए गोविंदपुरम के प्रॉपर्टी डीलर नीरज कौशिक पर उधार थे। 11 जनवरी को उमेश इन्हीं रुपयों को लेने नीरज के पास गए थे और लापता हो गए। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया, इस मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस की कई टीमें लगाई गईं। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सीडीआर से पुष्टि हुई कि नीरज कौशिक और उसके परिजनों ने उमेश की हत्या करके शव को मुरादनगर के चितौड़ा पुल के पास गंगनहर में फेंक दिया है।

# डंडे-सरिया से पीट-पीटकर बेटे ने की मां की हत्या

## बचाने आए पिता और दो भाइयों को भी किया घायल

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में बेटे ने शराब के नशे में अपनी ही मां की ही हत्या कर दी। कारण, सिर्फ इतना था कि मां ने बेटे को शराब पीकर घर आने पर टोक दिया। इसी से गुस्साए बेटे ने एक के बाद एक मां के सिर और फिर सरिया से उनके सिर पर कई वार किए, जिससे महिला खून से लथपथ हो होकर गिर गई। आवाज सुनकर बचाने आए भाइयों और पिता पर भी हमला किया। उन्हें भी बेरहमी से पीटा। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों और पड़ोसियों से घटना की




जानकारी ली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं वारदात के बाद आरोपी बेटा फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### पिता उठा रहे थे घर का खर्चा, बड़ा बेटा था शराबी

मामला थाना टूंडला क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद का है। यहां अजयपाल अपने चार बेटों और पत्नी के साथ रहते हैं। उनकी दो बेटी भी हैं, जिनकी उन्होंने शादी कर दी है। वह मेहनत मजदूरी कर घर का खर्चा उठा रहे हैं। अजयपाल के चार बेटों में सबसे बड़ा राकेश (25), दूसरे नंबर का सुभाष (23), तीसरे नंबर का गोविंद (20) और चौथे नंबर का शिवम (18) है। दूसरे नंबर का बेटा सुभाष कोटा राजस्थान में रहकर काम करता है। वहीं तीन बेटे यहीं घर पर पिता के साथ रहते हैं।

### पहले थप्पड़ मारा, फिर डंडे और सरिया से किया वार

पिता ने बताया कि शनिवार रात को राकेश शराब पीकर घर आया। जिस पर उसकी मां ने उसे टोक दिया। इस पर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। मां ने उसे डांटा तो उसने मां को थप्पड़ मार दिया। धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद डंडा उठाया और गुस्से में सिर पर मारना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर बाहर सो रहे पिता अंदर पहुंचे। पत्नी को बचाने की कोशिश की तो उसने पिता पर भी डंडे और लोहे की सरिया से हमला कर दिया। दोनों भाइयों ने उसका हाथ पकड़ने की कोशिश की तो उन पर भी हमला किया। जिससे तीनों को गंभीर चोट आई है।

# बहराइच में सड़क हादसे में एक की मौत, सात घायल

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के थाना मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत शनिवार देर रात को नानपारा-लखमीपुर हाइवे पर नैनिहा गुरुद्वारा के निकट अज्ञात वाहन और बोलेरो में टक्कर हो गई। दुर्घटना में बुलोरो चालक की मौके पर मौत हो गई और सात अन्य लोग घायल हो गए।

सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां चार घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात को नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर बोलेरो को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बोलेरो में चालक सहित कुल 08 लोग सवार थे। दुर्घटना में सभी लोग घायल हो गए और चालक0 प्रवीण दीक्षित (40) की मृत्यु हो गई। घायल होने वालों में शिवचंद (50), संजय कुमार (40), अतीक (27), शकील अहमद (45), अपसर (30), राधारमन व प्रदीप दीक्षित शामिल हैं। सभी लखीमपुर खीरी जनपद के धौरहरा कोतवाली के कस्बा निवासी हैं। ये लोग शनिवार को नेपाल गए थे। रात में सभी बोलेरो वाहन से वापस अपने घर जा रहे थे।

उसी दौरान जब वह मोतीपुर थाना क्षेत्र के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर नैनिहा गुरुद्वारे के पास पहुंचे, इनके बोलेरो वाहन में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

# महोबा में घायल व्यापारी की मौत, व्यापारियों ने जताया रोष

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के पनवाड़ी मे लुटेरों की गोली से घायल हुए सराफा व्यापारी की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो जाने पर घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार बंद करके अपना विरोध जताया। व्यापारियों ने पुलिस के खिलाफ जम कर नारेबाजी करते हुए हँगामा भी काटा।

उल्लेखनीय है की पनवाड़ी कस्बे के अलीपुरा मे गत 25 जनवरी को सरेशाम वारदात को अंजाम देते हुए बदमाशों ने दूकान बंद करके घर जा रहे सराफा व्यापारी अजय कान्त सोनी के साथ लूटपाट की घटना की थी। बदमाशों ने तब 27 वर्षीय युवा व्यापारी को गोली मारते हुए आभूषणों से भरा उसका बैग छीन लिया था ओर उसे लेकर भागकर फरार हो गए थे। पुलिस ने प्रकरण में मुकदमा पंजीकृत करके बदमाशों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये थे और घटना मे गंभीर रूप से घायल हुए व्यापारी को इलाज के लिए तत्काल झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था जहाँ इलाज के दौरान आज उसकी दु:खद मौत हो गयी। तीन दिन पुरानी इस घटना का अनावरण करने और अपराधियों को पकड़ पाने मे पुलिस नाकाम रही। उधर व्यापारी अजय कान्त की मौत की खबर मिलते ही जिले के व्यापारियों मे आक्रोश पनप उठा। पनवाड़ी कस्बे में व्यापारी अपनी दुकाने बंद करके सड़क पर आ गए तो महोबा मे सराफा बाजार बंद हो गया।

## घने कोहरे में हुई सड़क दुर्घटना, एक मरा, सात घायल

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के पचपेड़वा थानाक्षेत्र के जुडीकुइयां गांव के पास रविवार को घने कोहरे के बीच हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी जबकि सात अन्य जीप सवार घायल हो गये। पुलिस के अनुसार, सवारियों से भरी तेज रफ्तार एक जीप बढ़नी से बलरामपुर की ओर आ रही थी कि अचानक जड़ीकुइया गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खडी ट्रक से टकरा गयी। उन्होंने बताया कि घटना में जीप सवार आठ लोग घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस के जवानों नें घायलों को निकलवाकरअस्पताल पहुंचाया।

# लकड़ी तोड़ने गई महिला कुएं में डूबी, मौत

## बेटी कुएं के पास पहुंची तब चला पता, चारपाई डालकर कुएं से निकाला गया

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर में ठंड के मौसम में प्रशासनिक लापरवाही की पोल खुल गई है। ठंड से राहत के लिए अलाव का प्रबंध करने हेतु लकड़ी इकट्ठा करने गई एक महिला की कुएं में डूबकर मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम में भेजा है। वही घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, घटना जिले के मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के पदारथपुर अचली गांव की है। यहां की निवासी सरोजा निषाद (50वर्ष) पत्नी कन्हैयालाल निषाद आज घर से लकड़ी के प्रबंध के लिए निकली थी। गांव के बाहर गुरुदीन के खेत में स्थित कुएं के पास लकड़ी तोड़ते समय उसका पैर फिसल गया और वो कुएं में जा गिरी। जिससे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई।

### परिवार में सभी का रो-रोकर है बुरा हाल

घटना के काफी देर बाद 12 वर्षीय बेटी प्रिया जब मां को ढूंढते हुए वहां पहुंची तो पानी में डूबा देखकर वो चीखने चिल्लाने लगी।

शोर सुनकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कुएं के अंदर की झाड़ियां को साफ कराकर छोटी रस्सी के सहारे चारपाई कुएं में डालकर शव को निकलवाया। शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के परिवार में बूढ़ी सास, पति कन्हैयालाल के अलावा बेटा शिवपूजन (17 वर्ष) और बेटी प्रिया (12 वर्ष) है। बड़ी बेटी पूजा शादीशुदा है।

### पीएम रिपोर्ट आने पर दी जाएगी दैवीय आपदा की मदद

बताया जा रहा है कि परिवार बेहद गरीब है रहने को आवास तक नहीं है। मौके पर राजस्व निरीक्षक दियरा प्रसिद्ध नारायण मिश्र, प्रधान प्रतिनिधि अमरेश कुमार, प्रधान राजकुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे। तहसीलदार जयसिंहपुर हृदयराम तिवारी ने बताया कि मृतका के अंतिम संस्कार की व्यवस्था कर दी गई है।

# लखनऊ में लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## दोस्त से बाइक मांग कर देते थे वारदात को अंजाम, आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की होगी कार्रवाई

लखनऊ। दोस्त से बाइक मांग कर लूट करने वाले दो चोरों को लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी नशा करने के आदि हैं। डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गोमतीनगर थाना पुलिस ने रविवार को दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोनो बदमाशों ने 16 व 22 जनवरी को महिलाओं से लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही घटना का खुलासा करने वाली टीम के लिए 25 हजार रूपये के इनाम की घोषणा की गई है।

पुलिस ने दोनों आरोपितों की पहचान तरुण पांडेय निवासी कल्याणपुर व शिवा सिंह निवासी अतरौली लखनऊ के रूप में की है। आरोपित पहले भी गाजीपुर व गुडंबा थाने से आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। जेल से छूटने के बाद आरोपित दोबारा से लूट करने में लग गए थे।

महिलाओं की रेकी कर निशाना बनाते थे आरोपित-पुलिस को दी शिकायत में लूट पीड़िता प्रिया विश्वकर्मा, सेक्टर 11 इंदिरा नगर ने बताया कि कोचिंग सेंटर से दो सौ मीटर आगे पहुंचने पर पीछे से आए बाइक सवार दो लड़के बैग छीन कर भाग गए। बैग में 22 हजार 500 रूपये, स्मार्ट फोन, स्मार्ट वाच सहित अन्य दस्तावेज थे। वहीं, गोमतीनगर की अंसिका सिंह अपनी मां के साथ बैंक में पैसा जमा करने जा रही थीं। अंसिका की मां स्कूटी पर बैग लेकर बैठी हुई थीं। पीछे से आए बदमाश उनकी मां से बैग छीन कर फरार हो गए। बैग में 62, 500 रूपये की नगदी व एक मोबाइल भी था।

# रायबरेली में सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के बछरांवा इलाके में शादी में शिरकत करने जा रहे तेज़ रफ़्तार दो मोटरसाइकिल सवार में एक की फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर टकराने से दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

पुलिस सूत्रों से आज रविवार को मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात करीब 11बजे बछरांवा इलाके के फ्लाईओवर के पास अनियंत्रित होकर टकराने से मोटरसाइकिल पर बैठे दो सवारो में से एक अभिमन्यु (30) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी प्रिंस गुप्ता (28) गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

# भदोई : किन्नरों के मड़हे में अराजक तत्वों ने लगाई आग

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के गोपीगंज के ककराही मंडी समिति के समीप दलित बस्ती में स्थित किन्नरों के मड़हे मे शनिवार की रात अराजकतत्वो ने आग लगा दिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

फायर ब्रिगेड के सूत्रों ने बताया कि गोपीगंज में मंडी के पास स्थित दलित बस्ती में किन्नरों के मड़हे में शनिवार की रात आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंची फायर कर्मियों की टीम ने आग पर काबू कर लिया। बताया जाता है कि जिले के गोपीगंज स्थित ककराही मंडी समिति के पास दलित बस्ती में बसंती नाम की किन्नर सहित कुछ अन्य किन्नर झोपड़ी बनाकर रहते हैं शनिवार की रात लोग खाना पीना खाकर सो गए। इसी बीच पक्के मकान के बगल किन्नरों के मड़हे में किसी अराजक तत्व ने आग लगा दी। जिसमें घर में रखा गृहस्थी का सामान लकड़ी, अनाज, ऊपली,नकदी व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि आग ने जब भीषण रूप ले लिया तब लोगो को जानकारी हुई और लोग आग को बुझाने का अथक प्रयास करते रहे।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा 17-18 फरवरी को

## दो-दो शिफ्ट में होंगे एग्जाम; एआई से होगी संदिग्धों की पहचान

लखनऊ। यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल के 60 हजार 244 पदों के लिए परीक्षा 17 और 18 फरवरी को होगी। अपर सचिव (भर्ती) की ओर से 27 फरवरी को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि इस भर्ती में कुल 50 लाख 15 हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया है। इनमें करीब 15 लाख महिलाएं हैं। ऐसे में एक पद के लिए 83 दावेदार हैं।

### परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग भी

भर्ती के लिए ऑफलाइन लिखित




परीक्षा 17-18 फरवरी 2024 को है। परीक्षा में वस्तुनिष्ठ (ऑब्जेक्टिव) प्रश्न पूछे जाएंगे। लिखित परीक्षा 300 अंकों की होगी। इसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी, संख्यात्मक और मानसिक योग्यता, मानसिक अभिरुचि, बुद्धिलब्धि, तार्किक क्षमता के कुल 150 प्रश्न होंगे। सही उत्तर पर 2 अंक मिलेंगे। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग भी है। गलत उत्तर देने पर 0.5 की नेगेटिव मार्किंग की जाएगी।

### दो शिफ्ट में होगी परीक्षा

भर्ती बोर्ड ने अनुमान लगाया था कि करीब 32 लाख रजिस्ट्रेशन होंगे। इस हिसाब से उत्तर प्रदेश में 18 फरवरी को प्रस्तावित लिखित परीक्षा के लिए 6500 से ज्यादा केंद्र बनाने की तैयारी थी। हालांकि, अब 50 लाख से ज्यादा आवेदन हुए तो दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। एग्जाम सेंटर भी बढ़ाए जाएंगे।

### एआई से होगी संदिग्धों की पहचान

कॉन्स्टेबल की इतनी बड़ी भर्ती को सफल बनाने के लिए सॉल्वर गैंग पर सख्त नजर रखेगा। इसके लिए एसटीएफ और जिलों की पुलिस को सतर्क रहने को कहा गया है। सॉल्वर गैंग और नकल माफिया गिरोह पर भी परीक्षा से पहले सख्ती बरती जाएगी। परीक्षा के समय संदिग्धों की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा भी लिया जाएगा।

# धूमधाम के साथ हुआ बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव-2024 का शुभारम्भ

ललितपुर। हॉट एयर बैलून व वाटर स्पोर्ट्स रहा आकर्षण का केंद्र महोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर कलाकारों द्वारा आल्हा गायन, भजन संध्या एवं यूफोरिया बैंड की सुन्दर प्रस्तुतियों दी गई। जिला प्रशासन के तत्वाधान में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव-2024 का शुभारम्भ तुवन मंदिर प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर मा0 सांसद अनुराग शर्मा, मा0राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, मा0 सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, मा0



जिलाध्यक्ष भाजपा राजकुमार जैन, मा0 जिला न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी उपस्थित रहे। महोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सहित उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। महोत्सव के शुभारम्भ के अवसर पर अन्य प्रदेशों के उपस्थित लोकप्रिय कलाकारों द्वारा आल्हा गायन, भजन संध्या एवं यूफोरिया बैंड जैसे कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि ललितपुर में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव-2024 का आयोजन ललितपुर वासियों के अत्यधिक गौरव की बात है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित यह महोत्सव जनपद ललितपुर में 28 जनवरी से 29 जनवरी तक पर्यटकों को विशेष अनुभव की अनुभूति हेतु आयोजित किया जा रहा है।

## कानपुर देहात में नाबालिग से रेप

कानपुर देहात। कानपुर देहात की थाना शिवली में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी युवक से पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया है। शिवली के एक गांव में रहने वाली नाबालिक के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए ग्राम कलकपुरवा थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर निवासी झगडू (20) पर नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर नाबालिग किशोरी को मेडिकल के लिए भेज दिया था और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी थी। रविवार को मुखबिर की खास सूचना पर आरोपी झगडू की गिरफ्तारी के लिए लगी पुलिस टीम ने शिवली से गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आए जहां पर पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी शिवली ने बताया कि थाने में पीड़ित की तहरीर के आधार पर रेप और पॉक्सो एक्ट का एक मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें नामजद आरोपी झगडू फरार चल रहा था।

## पीलीभीत में चलती कार में हुआ ब्लास्ट

**पीलीभीत।** पीलीभीत की बीसलपुर कोतवाली के सामने चलती अर्टिगा कार में ब्लास्ट हो गया। जिसमें ड्राइवर व कार के पास खड़े तीन लोग हुए घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे के बाद रोड के दोनों और लंबा जाम लग गया। बीसलपुर नगर में कोतवाली के सामने अचानक चलती अर्टिगा कार में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होने से कार के परखच्चे उड़ गए जिसमें बरेली जिला के थाना भुता के गांव अर्जुनपुर निवासी कार ड्राइवर पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया। वही कार के पास परचूनी दुकान पर सामान लेने आई बच्ची खुशी व मान्या सहित दुकान स्वामी धीरज वर्मा भी कार के ब्लास्ट होने पर कार के कांच से जख्मी हो गए। बामुश्किल कार ड्राइवर कार से बाहर निकाला, इसके बाद आवागमन दोनों तरफ से काफी देर तक बंद रहा फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। वहीं घायल ड्राइवर व अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# भाजपा ने किया बिहार की जनता का अपमान : अखिलेश

लखनऊ। बिहार में जनता दल (यू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) गठबंधन में टूट को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश करार देते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने बिहार की जनता का अपमान किया है जिसका जवाब जनता लोकसभा चुनाव में देगी। बिहार के ताजा घटनाक्रम पर श्री यादव ने एक्स पर पोस्ट किया ये भाजपा का लोकसभा चुनाव हारने की हताशा का नतीजा हैज् जिसने साज़िश



करके एक भावी प्रधानमंत्री को अपने साथ मिलाकर मुख्यमंत्री के पद तक ही सीमित कर दिया। उन्होने दावा करते हुये लिखा भाजपा ने बिहार की जनता का अपमान किया है और जनमत का भी। जनता इस अपमान का जवाब भाजपा गठबंधन को लोकसभा का चुनाव हराकर देगी। बिहार का हर निवासी अपना अगला वोट, बिहार के सम्मान को बचाने के लिए डालेगा और भाजपा को हराने के लिए। इससे पहले अखिलेश ने भाजपा पर तंज कसते हुये पोस्ट किया भाजपा अपने जीवनकाल में इतनी कमज़ोर कभी नहीं थी, जितनी आज हो गयी। आज विश्वासघात का नया कीर्तिमान बना है। जनता इसका करारा जवाब देगी। कोई आप पर विश्वास न करे, एक व्यक्ति के रूप में किसीकी इससे बड़ी हार और कुछ नहीं हो सकती।

# शार्ट न्यूज

## 29 जनवरी को लगेगा रोजगार मेला

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

गाजीपुर। जनपद के सभी 16 विकास खण्डों पर कौशल योजना के तहत वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर की कंपनियां प्रतिभाग कर रही है। इसी क्रम में भदौरा ब्लाक में गहमर गाँव में स्थित शांति पैलेस में संचालित राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आईटी एजुकेशन के प्रशिक्षण केंद्र में आगामी सोमवार दिनांक 29 जनवरी 2024 को वृहद् रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में जिला सेवायोजन अधिकारी तथा कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक मुकेश कुमार ने बताया कि 18 वर्ष से 35 वर्ष की आयु के युवा वर्ग अपने आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अपना बायोडाटा लेकर साक्षात्कार दे सकते है। इस अवसर पर राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आईटी एजुकेशन के चेयरमैन संजीव कुमार सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा बेरोजगारी के उन्मूलन की दिशा में उठाये जा रहे कदम प्रशंसनीय है। समाज में व्याप्त बेरोजगारी को दूर करने में इस प्रकार के आयोजनों की अहम् भूमिका रही है। इस प्रकार के मेले में बड़ी-बड़ी कंपनियां स्वयं ही ग्रामीण क्षेत्र में आकर रोजगार उपलब्ध कराती है।

## ए एस चेक टीम ने सुरक्षा व्यवस्था हेतु महोत्सव प्रांगण में चलाया सघन चैकिंग अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में ए एस चेक टीम द्वारा बुन्देल खण्ड महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत महोत्सव प्रांगण में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सघन एवं सतर्कता पूर्ण चैकिंग अभियान चलाया गया है । महोत्सव प्रांगण में संदिग्ध व्यक्ति/वस्तुओं की चैकिंग कर उनसे पूछतांछ की गयी । प्रांगण की पार्किग में खड़ी गाडियों की सघन चैकिंग की गयी। ए एस चेक टीम द्वारा सुरक्षा उपकरण एक्सटेंशन मिरर, प्रोडर, डीएसडीएम की मदद से लोगो के सामानों, दुकानों , मंच पर सघन चेंकिग की गयी तथा मेटल डिटेक्टर से विस्फोटक पदार्थों आदि की चैकिंग गयी की गयी।

## अरुण शुक्ला भाकियू टिकैत के बने मण्डल उपाध्यक्ष

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**



सीतापुर। जनपद की तहसील महोली क्षेत्र के रहने वाले किसान नेता अरुण शुक्ला को भाकियू टिकैत द्वारा मण्डल उपाध्यक्ष लखनऊ के पद पर नियुक्त किया गया हैं। जिससे आमजनमानस में खुशी की लहर दौड़ गयी हैं। जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के लखनऊ मंडल के अध्यक्ष गुरमीत सिंह द्वारा मनोनयन पत्र जारी कर अरुण शुक्ला को उनके जन्मदिवस पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट का मंडल उपाध्यक्ष लखनऊ मंडल के पद पर तीन वर्ष के लिए मनोनीत किया गया है। साथ ही संगठन ने उनसे आपेक्षा जताई है कि वह संगठन का कार्य पूरी ईमानदारी एवं लगन के साथ करे। श्री शुक्ला ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन के द्वारा दिए गए दायित्व का वह कर्तव्य व निष्ठा से पालन करेंगे। हमेशा से किसानों के हितों की लड़ाई लड़ते रहे हैं और आगे भी किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वह साथ निभाएंगे।

## नवयुवक का फंदे से झूलता मिला शव

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

महोली। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव के रहने वाले युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गयी ।सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले युवक पप्पू पुत्र बागीश पांडेय का शव फंदे से झूलता हुआ मिला। युवक पर गांव की युवती के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप बीती रात लगा था। युवती के परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि घर के बाहर उनकी नाबालिग बेटी नित्यक्रिया हेतु घर के बाहर गयी थी कि तभी बहला-फुसलाकर गांव का ही रहने वाला युवक अपने घर बुला ले गया जिसके बाद युवती के परिजनों द्वारा खोजबीन की गयी तो युवती पप्पू के घर मिली। जिसके बाद लड़की के परिजनों द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर युवक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गयी। लेकिन रविवार की सुबह युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से झूलता मिला। पुलिस के जिम्मेदारों ने बताया की पूर्व में युवक व युवती का प्रेमप्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गयी थी। लेकिन सुबह युवक की मौत हो गयी। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुये अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**



सीतापुर। जनपद की कोतवाली महोली क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध हालत में एक युवक का शव गांव के बाहर खेत में पड़ा मिल। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी हैं। जानकारी के अनुसार कोल्हौरा गांव निवासी पिंकू कुमार पुत्र डोरेलाल उम्र लगभग 23 वर्ष ने शाम को अपने घर से खेत जाने की बात कह कर निकाला था। इसके बाद वह पूरी रात घर वापस नहीं आया ।परिजनों ने रविवार की सुबह खोजबीन शुरू कर दी ।खोजबीन के दौरान परिजनों ने सरसों के खेत में पिंकू उर्फ संदीप की लाश पड़ी देखी। जिसके बाद घटना की सूचना महोली कोतवाली पुलिस को परिजनों के द्वारा दी गई। मौके पर कोतवाली प्रभारी उमाकांत शुक्ला और फोरेंसिक टीम पहुँची। विधिक प्रक्रिया प्रचलित करते हुये पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कोतवाल उमाकांत शुक्ला ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बुजुर्ग महिला की जिंदा जलकर मौत

पीलीभीत। पीलीभीत के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के शेखापुर गांव में अलाव ताप रही एक और बुजुर्ग महिला की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव शेखापुर निवासी स्वर्गीय रोशन लाल की पत्नी कृष्णा देवी 56 वर्ष को अपनी झोपड़ी में अलाव ताप रही थी। बताते हैं कि अचानक एक चिंगारी उसके बिस्तर पर जा गिरी जिससे बिस्तर धूंधूं कर जल उठा। बताते हैं कि जिस समय आग लगी उस समय वृद्धा का पुत्र चंद्र प्रकाश गन्ने के खेत पर मजदूरी करने गया था, जबकि उसकी पत्नी पार्वती शौच को गई थी। जब वह वापस लौटी तब उसने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी ।शोर शराबा होने पर पूरा गांव एकत्र हो गया। बुजुर्ग महिला को गंभीर हालत में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने कल शाम उसे डिस्चार्ज कर दिया। बताते हैं कि वृद्धा के घर पहुंचने पर कल रात उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना राजस्व प्रशासन व पुलिस को दी गई। बताते हैं कि लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। पुलिस ने आज वृद्धा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। बताते हैं की वृद्धा कृष्णा देवी पहले से विकलांग थी जिस कारण आग लगने पर वह भाग नहीं सकी। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## 12,000 की आबादी वाले देश तुवालु के चुनाव पर क्यों हैं अमेरिका और चीन की नजर

नई दिल्ली ।दुनिया के सबसे प्राकृतिक रूप से सुंदर देशों में शामिल तुवालु केवल 12,000 निवासियों वाला एक द्वीप देश है। लेकिन एक छोटे प्रशांत द्वीप राष्ट्र में चुनाव शायद ही कभी सुर्खियाँ बनते हैं। हालाँकि, तुवालु अपनी 16 सीटों वाली संसद के सदस्यों को चुनने के लिए चुनाव की ओर बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय ध्यान का एक बड़ा हिस्सा क्षेत्र में चीन के बढ़ते महत्व और ताइवान सरकार के साथ तुवालु के राजनयिक संबंधों से जुड़ा है। तुवालु पश्चिम मध्य प्रशांत महासागर में एक द्वीप देश है। जो हवाई और ऑस्ट्रेलिया के बीच स्थित है। यहां एक अंगूठी के आकार की मूंगा चट्टान पर स्थित है, जिसके किनारे पर 9 खूबसूरत द्वीप हैं। इस जगह का आकर्षण यहां की प्राकृतिक खूबसूरती है। इसकी आबादी लगभग 11,500 है, जो इस दुनिया के सबसे छोटे देशों में से एक बनाती है। एक पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश, इस 1978 में स्वतंत्रता मिली। ब्रिटिश सम्राट अभी भी देश का प्रमुख है। तुवालु में सभी उम्मीदवारों ने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा। देश तुवालु के ताइवान समर्थक नेता, कौसिया नतानो, ताइवान, चीन और अमेरिका की करीबी नजर वाले चुनाव में अपनी सीट हार गए। नतानो ने 1979 से राजनयिक सहयोगी रहे ताइवान के लिए समर्थन जारी रखने का वादा किया था। फनाफुटी के मतदाताओं के नतीजों से पता चला कि नतानो अपनी सीट बरकरार रखने में कामयाब नही हो पाए। तुवालु सहित केवल 12 देशों के स्वशासित लोकतांत्रिक द्वीप ताइवान के साथ आधिकारिक राजनयिक संबंध हैं, जिस पर चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। प्रशांत महासागर में स्थित नाउरू ने भी हाल ही में अपना समर्थन ताइवान से बदलकर चीन को दे दिया है। यह तुवालु को ताइपे और बीजिंग के बीच तीव्र जॉकींग के केंद्र में रखता है। प्रधान मंत्री नतानो ताइवान के साथ मजबूत संबंधों के पक्षधर हैं और उनके उस समर्थन को जारी रखने की संभावना है। सोपोगा ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंधों का भी पक्षधर है। सोपोगा ने कहा है कि वह नवंबर में तुवालु और ऑस्ट्रेलिया के बीच हस्ताक्षरित नई संधि का समर्थन नहीं करते हैं। वह संधि, जो ऑस्ट्रेलिया को प्रमुख प्राकृतिक आपदाओं, स्वास्थ्य महामारी और सैन्य आक्रामकता के जवाब में तुवालु की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध करती है।

## जापान में महसूस किए भूकंप के हल्के झटके

टोक्यो, ।जापान में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। यहां टोक्यो, कानागावा प्रान्त और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोग घबरा कर बाहर आ गए। जापान मौसम एजेंसी ने यह जानकारी बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 8:59 बजे महसूस किए गए। मौसम एजेंसी के अनुसार रिक्टर स्केल पर 4.8 तीव्रता वाले भूकंप का केंद्र टोक्यो खाड़ी में 80 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटकों के बाद हालांकि सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। टोक्यो मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग के अनुसार, अब तक नुकसान की कोई भी जानकारी नहीं मिली है।

## इजरायल ने की अस्पताल की घेराबंदी, मारे गए 150 फिलिस्तीनी

गाजा। गाजा में इजरायल की ओर से की गयी अस्पताल की घेराबंदी में 150 फिलिस्तीनियों के मारे जाने की खबर है। जानकारी के अनुसार गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल की घेराबंदी की गई थी। इस दौरान 150 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जाने की सूचना मिली है। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने शनिवार को कहा ?कि मृतकों को अस्पताल के प्रांगण में दफनाने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि नासिर अस्पताल के मुर्दाघर में अभी भी 30 अज्ञात शव हैं। उन्होंने कहा कि नासिर अस्पताल रक्त इकाइयों की गंभीर और खतरनाक कमी का सामना कर रहा है और कई एनेस्थीसिया दवाएं खत्म हो गई हैं। अल-केदरा ने कहा कि ईंधन की कमी के कारण अस्पताल में जनरेटर चार दिनों के भीतर बंद कर दिए जाएंगे। साथ ही छर्रे और इजरायली ड्रोन हमले के कारण पानी की टंकियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिसके कारण कई इमारतों में पानी का रिसाव हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इज़रायल जानबूझकर अपनी घेराबंदी के दौरान खान यूनिस में नासिर अस्पताल और होप अस्पताल को भारी क्षति पहुंचाता है, उन्हें निशाना बनाता है और एम्बुलेंस की आवाजाही को भी रोकता है।

## 10000 यात्रियों वाला सबसे बड़ा क्रूज सफर के लिए रवाना

मियामी ।दुनिया का सबसे बड़ा शिप शनिवार को मियामी पोर्ट से अपने पहले सफर के लिए रवाना हो गया है। इस शिप में एक बार में 10000 लोग यात्रा कर सकते हैं। इस शिप में 40 रेस्टोरेंट, आइस स्केटिंग रिंग, थिएटर और 6 स्विमिंग पूल है। यह शिप टाइटेनिक जहाज से 5 गुना ज्यादा बड़ा है। सबसे बड़े इस शिप की लंबाई 1200 फीट है। इस शिप को बनाने में कंपनी के 16000 करोड रुपए खर्च हुए हैं। इसके पहले इतना बड़ा यात्री शिप कभी भी समुद्र में नहीं उतरा।

## पाकिस्तान में चरमपंथियों के दबाव में आई पुलिस ने खोदी कब्रें, अब मचा घमासान

लाहौर। पाकिस्तान पुलिस ने अपने ही लोगों की कब्र खोदकर मुश्किल में फंस गई है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 80 मुसलमानों की कब्र खोदे जाने से बवाल मच गया है। कहा जा रहा है कि पंजाब प्रांत में धार्मिक चरमपंथियों के दबाव में पुलिस ने कथित तौर पर ल्पसंख्यक अहमदी समुदाय की 80 कब्रों के पत्थरों को नष्ट कर दिया। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान ने शुक्रवार को यह दावा किया। इससे पूरे समुदाय में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हो गया है। यह घटना प्रांतीय राजधानी लाहौर से करीब 100 किलोमीटर दूर दस्का में हुई। बताया जा रहा है कि चरमपंथियों के दबाव में आकर पाकिस्तान पुलिस ने प्रांत में 80 अहमदी मुसलमानों की कब्रों के पत्थर तोड़ दिए। इससे इस समुदाय के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया है। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के अनुसार, धार्मिक चरमपंथियों के दबाव में पुलिस ने दस्का में अहमदी समुदाय के दो अलग-अलग कब्रिस्तानों की कम से कम 80 कब्र को अपवित्र कर दिया। शुक्रवार को एक बयान में कहा गया, ''पुलिस ने अहमदी कब्रों के पथरों को इस तथ्य के बावजूद नष्ट कर दिया कि कब्रिस्तान की जमीन अहमदी समुदाय को पंजाब सरकार द्वारा आवंटित की गई थी।'' बयान में दावा किया गया कि सहायक आयुक्त दस्का, अनवर अली कंजू ने अहमदी कब्रों के पत्थरों को ध्वस्त करने का अवैध आदेश जारी किया था। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के बयान में कहा गया अनवर अली कंजू लंबे समय से अहमदी समुदाय के उत्पीड़न में शामिल रहे हैं। राज्य को यह समझने की जरूरत है कि कंजू जैसे अधिकारी वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान की प्रतिष्ठा को कैसे खराब करते हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में पुलिसकर्मियों को हाथों में हथौड़े लेकर कब्रों की शिलाओं को तोड़ते हुए दिखाया गया है। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान ने कहा, 'यह एक निंदनीय और भयावह घटना है जिसे कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। अब समय आ गया है कि राज्य यह स्पष्ट करे कि अहमदी कब्रिस्तानों को अपवित्र करने पर उसकी नीति क्या है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि किस कानून के तहत पुलिस और स्थानीय प्रशासन अहमदी समुदाय की कब्रों को अपवित्र कर रहे हैं।

## सरावन में 9 पाकिस्तानियों की हत्या की जांच करवाएं : पाकिस्तान

इस्लामाबाद ।पाकिस्तान विदेश कार्यालय (एफओ) ने कहा कि वह पड़ोसी देश में आतंकवादियों द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या को लेकर ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार ईरान की एक समाचार एजेंसी ने पहले बताया था कि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हाल ही में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में सरवन शहर के सिरकन पड़ोस में एक घर में नौ गैर-ईरानी लोगों की हत्या कर दी थी। एजेंसी ने कहा कि अभी तक किसी संगठन या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। रिपोर्ट के अनुसार बलूच मानवाधिकार संगठन हलवाश ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि मारे गए लोग पाकिस्तानी मजदूर थे, जो एक ऑटो मरम्मत की दुकान पर काम करते थे। अन्य तीन घायल हो गए। इस मामले पर मीडिया के सवालों के जवाब में एफओ प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है ?कि यह एक भयावह और घृणित घटना है, हम इसकी स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं और हमने घटना की तुरंत जांच करने और इस जघन्य अपराध में शामिल लोगों पर कार्रवाई करने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि ज़ाहेदान में पाकिस्तान के वाणिज्य दूत उस अस्पताल के रास्ते में हैं, जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है। वह लंबी दूरी और सुरक्षा अनिवार्यताओं के बावजूद कुछ घंटों में पहुंच जाएंगे।



मास्को में रुसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और बेलारुस के एलेजेंडर लुकासेंको दूसरे विश्वयुद्ध में मारे गये लोगों की याद में एक समारोह में इनके स्मारक पर पहुंचे।

## भारत-अमेरिका के रिश्ते पहले से बेहतर हुए : संधू

वाशिंगटन। भारत और अमेरिका के संबंधों में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। यह बात अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कही है। उन्होंने कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों की अभी यह सिर्फ शुरुआत है। इस दीर्घकालिक रिश्ते का दायरा अभी और बढ़ेगा। राजदूत संधू यहां गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इसी बीच कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि यहां रह रहे भारतीयों की दूसरी पीढ़ी भारत से जुड़ी रहे।



उन्होंने कहा, कि यहां पर मैं यह बतलाना चाहता हूं कि आज भारत में अमेरिका-भारत संबंधों में भी क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में महत्वपूर्ण हो जाता है कि आपके बच्चे और आपके परिवार भारत के बारे में जागरूक हों, भारत से जुड़े रहें। गौरतलब है कि संधू अपनी 35 से अधिक वर्षों की सेवा के बाद इस माह अंत में विदेश सेवा से सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। राजदूत संधू का कहना था कि अंतरराष्ट्रीय पूंजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आने से नौकरी के ज्यादा अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए न सिर्फ भावनात्मक, सांस्कृतिक और कई अन्य कारणों से, बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक कारणों से भी भारत से जुड़े रहने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि नेशनल काउंसिल ऑफ एशियन इंडियन एसोसिएशन द्वारा वर्जीनिया के मैकलीन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान संधू को सम्मानित भी किया गया।

# खुद को तालिबानी बताकर मजाक में दी थी विमान उड़ाने की धमकी

### -एक ब्रिटिश भारतीय को इस मामले में स्पेन की अदालत ने कर दिया बरी

**मैड्रिड, (एजेंसी)।** एक ब्रिटिश भारतीय को तालिबानी बताकर मजाक में विमान उड़ाने की धमकी देने के मामले में अदातल ने बरी कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार स्पेन की अदालत ने बरी करते हुए कहा है कि उसका ऐसा इरादा नहीं था। आरोपी ने मजाक में अपने दोस्तों के पास विमान को उड़ाने की धमकी भेज दी थी। घटना 2022 की बताइ गई है। अब अदालत इस नतीजे पर पहुंची है कि उसके पास कोई विस्फोटक नहीं पाया गया। इससे जाहिर होता है कि उसका ऐसा इरादा नहीं था। उस समय एक ब्रिटिश भारतीय ने मजाक में खुद को तालिबानी बताकर प्लेन को उड़ा देने की धमकी दी थी। इसके बाद उसे गिरफ्तार करक लिया गया था। आज से 2 वर्ष पुराने मामले में आरोपी पर कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। स्पेन की एक अदालत ने 2022 में दोस्तों के साथ मजाक में खुद को तालिबान का सदस्य बताने और लंदन के गैटविक से स्पेन के मिनोर्का तक की एक उड़ान को बम से उड़ाने की योजना बनाने की बात कहकर अफरातफरी पैदा करने के आरोपी ब्रिटिश-भारतीय व्यक्ति को बरी कर दिया है। इससे आरोपी ने राहत की सांस ली है।

आरोपी आदित्य वर्मा ने माना कि उसने दोस्तों से जुलाई, 2022 में कहा था कि, मैं विमान को विस्फोट कर उड़ाने वाला हूं। मैं तालिबान का सदस्य हूं।' एक रिपोर्ट के अनुसार वर्मा ने कहा कि उसने यह मजाक एक निजी स्नैपचैट ग्रुप में किया था और उसका इरादा कभी भी 'संकट पैदा करने' का नहीं था। मैड्रिड में एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि ऐसा कोई विस्फोटक नहीं पाया गया, जिससे किसी को यह लगे कि यह वास्तविक खतरा था। घटना के डेढ़ साल बाद सोमवार को स्पेन की राजधानी में राष्ट्रीय न्यायालय में मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि केंट के निवासी वर्मा को आरोप से बरी कर दिया जाना चाहिए।



दरअसल विमान में सवार होने से पहले उसने दोस्तों को जो संदेश भेजा था, उसे ब्रिटेन के सुरक्षा विभाग ने पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने इस संदेश को स्पेन के अधिकारियों को भेज दिया, जब ईजीजेट विमान आकाश में था। इसके बाद, दो स्पेनिश एफ-18 लड़ाकू विमान भेजे गए। इनमें से एक लड़ाकू विमान ईजीजेट विमान के साथ-साथ मिनोर्का तक गया, जहां हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उसके अंदर तलाशी ली गई। वर्मा उस समय 18 वर्ष के थे। उनको गिरफ्तार कर दो दिनों के लिए स्पेनिश पुलिस के प्रकोष्ठ में रखा गया। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा किया गया था।

## चुनाव से पहले रिपब्लिकन पार्टी ने टाला ट्रंप पर प्रस्ताव, नहीं तो बढ़ जाती बाइडेन की मुश्किल

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** रिपब्लिकन पार्टी नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले ट्रंप के हित में एक बड़ा फैसला लेने का विचार कर रही थी, जिससे जो बाइडेन की मुश्किलें बढ़ सकती थी। मगर पार्टी फिलहाल अपनी योजना को रद्द कर दिया है। बता दें कि रिपब्लिकन ने ट्रम्प को चुनाव से पहले अनुमानित राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नामित करने की योजना बनाई थी। मगर अब इसे रद्द कर दिया गया है।रिपब्लिकन पार्टी की ओर से 2024 के लिए उम्मीदवारी पेश कर रहे पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी निक्की हेली से 2 राज्यों में आंतिरक चुनाव में जीत हासिल कर चुके हैं। वहीं एक अन्य रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी अपना नाम इस दौर से वापस ले चुके हैं। इसके बाद ट्रंप को ही बाइडेन के मुकाबले सबसे मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है। इसलिए पार्टी ने आंतरिक चुनाव संपन्न होने से पहले ट्रंप को वर्ष 2024 के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप को उम्मीदवार घोषित करने का फैसला किया था। मगर ऐन वक्त में यह फैसला बदलना पड़ गया।

अगर ये फैसला नहीं बदलता तो इससे जो बाइडेन के लिए मुश्किलें हो सकती थीं। क्योंकि यह अभी से तय हो जाता कि बाइडेन के मुकाबले ट्रंप ही 2024 का चुनाव लड़ेंगे। हालांकि रिप्बलिकन पार्टी के इस फैसले से ट्रंप की उम्मीदवारी कमजोर नहीं पड़ी है। तमाम सर्वे में ट्रंप की उम्मीदवारी और उनकी जीत सबसे प्रबल बताई जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार रिपब्लिकन नेशनल कमेटी ने औपचारिक रूप से अपेक्षित प्रतिनिधियों की संख्या हासिल करने से पहले डोनाल्ड ट्रम्प को पार्टी का 2024 में अनुमानित उम्मीदवार घोषित करने पर विचार करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया था। जिसे ट्रम्प द्वारा अपनी ट्रुथ सोशल साइट पर पोस्ट किया गया। इसके तुरंत बाद प्रस्ताव वापसी की खबर आई। हालांकि ट्रंप ने इस धारणा की बहुत सराहना की। उन्होंने महसूस किया कि पार्टी यूनिटी की खातिर, उन्हें इस योजना के साथ आगे नहीं बढ़ना चाहिए। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार रिपब्लिकन पार्टी की ओर से एक मसौदे में कहा गया था कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प को संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए हमारे संभावित 2024 उम्मीदवार के रूप में घोषित करता है और इस क्षण से सभी के समर्थकों का स्वागत करते हुए पूर्ण आम चुनाव मोड में आगे बढ़ता है।

## कर्ज के जाल में और फंसेगा पाकिस्तान! अब इस देश से मांगे 2 अरब डॉलर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान आर्थिक तौर पर कंगाली के हाल में है। अगर आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक और चीन, यूएई जैसे देश अपने कर्ज को मांग लें या फिर मदद करना बंद कर दें तो पाकिस्तान बिना एक पल गंवाए दिवालिया हो सकता है। 2023 के एक डेटा के मुताबिक पाकिस्तान पर करीब 125 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कर्ज है। इस पूरी रकम का करीब एक-तिहाई हिस्सा पाकिस्तान ने चीन से ले रखा है। अब अगर चीन और किसी कर्ज को मंजूरी देता है तो जाहिर सी बात है इससे पाकिस्तान पर कर्ज का दबाव और बढ़ेगा।

एक बार फिर आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान ने चीन का दरवाजा खटखटाया है। पाकिस्तान की फिलहाल सबसे बड़ी तकलीफ नकदी की कमी से जूझना है। इसी के मद्देनजर पाकिस्तानी हुकूमत ने शी जिनपिंग की सरकार से 2 अरब डॉलर के कर्ज की मांग की है। चीन पाकिस्तान का करीबी सहयोगी है और दोनों एक दूसरे की दोस्ती की कसमें खाते रहते हैं। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर फिलहाल अनवार उल हक काकड़ काम कर रहे हैं। इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब भी पाकिस्तान की मदद कर्ज के ही जरिये कर चुके हैं। सऊदी अरब ने तो 5 अरब डॉलर की रकम को पाकिस्तान के स्टेट बैंक में कर्ज के तौर पर जमा कराया ताकि वह दिवालिया न हो जाए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ की सहायता की भी पाकिस्तान को जरूरत पड़ेगी। ऐसे में, पाकिस्तान की अंतरिम सरकार नेआईएमएफ से अनुरोध किया है कि वह अपने मिशन को बातचीत के लिए भेजे। इस्लामाबाद को आईएमएफ से 1.2 बिलियन अमरीकी डालर के कर्ज की उम्मीद है।

काकड़ ने ही एक पत्र लिखकर चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से कहा है कि वह जल्द से जल्द यह कर्ज जारी करे। पाकिस्तान की सरकार ने चीन का शुक्रिया अदा किया है क्योंकि चीनी सरकार समय-समय पर अरबों डॉलर की मदद के जरिये पाकिस्तान को आर्थिक बदहाली से उबारती रही है। चीन की ओर से जारी किये गए 4 बिलियन डॉलर के कर्ज का इस्तेमाल पाकिस्तान कर्ज की किस्त चुकाने और अपने विदेशी मुद्र भंडार को स्थिर करने के लिए कर रहा है।

# नवाज शरीफ ने घोषणा पत्र में कहा- 370 हटा लें तो शांति कायम हो जाएगी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जिसमें भारत का भी जिक्र है। घोषणा पत्र में भारत के साथ शांति स्थापना पर जोर दिया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के घोषणापत्र में भारत सहित अन्य देशों के साथ शांति स्थापना पर जोर दिया गया है। देशों को शांति का संदेश भेजने का वादा किया गया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक घोषणापत्र में कहा गया है कि पाकिस्तान की तरफ से भारत को शांति का संदेश इस शर्त पर भेजा जाएगा कि वो जम्मू-कश्मीर राज्य में धारा 370 को निरस्त करने के फैसले को वापस ले। इसके साथ ही अगस्त 2019 का अपना फैसला वापस ले। यानी नवाज शरीफ भारत के साथ बेहतर संबंध तो बनाना चाहते हैं लेकिन अपनी शर्तों पर।



हालांकि पीएमएल-एन की शर्त कभी पूरी नहीं होगी। एक दो बार नहीं बल्कि कई बार भारत ये बात साफ कर चुका है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारत कह चुका है कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को 2019 में भारत की संसद द्वारा निरस्त किया जाना भारत और उसके संविधान का आंतरिक मामला है।इसके अलावा पीएमएल-एन के घोषणा पत्र में पाकिस्तान की गिरती अर्थव्यवस्था को सुधारने, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से लड़ने, लोगों को सस्ती बिजली मुहैया कराने, बिजली बिलों में 20 से 30 प्रतिशत की कटौती के साथ ही आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का वादा भी किया गया है। घोषणा पत्र में देश की तरक्की करने पर जोर दिया गया है। पीएमएल-एन ने अपने घोषणा पत्र को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी शेयर किया है, जिसका टाइटल है पाकिस्तान को नवाज दो'। बता दें कि 2017 में पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद से हटा दिया गया था। नवाज शरीफ तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। एक बार फिर से वो सत्ता में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। जिसके लिए पार्टी जोर शोर से तैयारियां कर रही हैं, वहीं उनकी बेटी मरियम नवाज भी पार्टी के प्रचार प्रसार में लगी हैं।

## पाकिस्तान ने माना- हां बलूचिस्तान मांग रहा है आजादी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया कि बलूचिस्तान में असंतोष की जड़ एक अलग बलूच पहचान है। हालांकि, ये इस बात को पिछले पाकिस्तानी प्रशासनों ने कभी स्वीकार नहीं किया था। पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार किसी भी राजनीतिक नेता ने पहली बार माना है कि बलूचिस्तान के लोग आजादी मांग रहे हैं। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने स्वीकार किया कि बलूचिस्तान के लोग न केवल पाकिस्तान से असंतुष्ट हैं, बल्कि एक स्वतंत्र राज्य की मांग कर रहे हैं। बलूचिस्तान से आ रहीं खबरों के अनुसार, काकर ने एक साक्षात्कार में बलूचिस्तान में जबरन गायब हो रहे लोगों के जटिल मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। पाक पीएम ने इन मामलों को सुलझाने में आने वाली चुनौतियों को पहचाना और लापता व्यक्तियों की वापसी पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर भी जोर दिया।

# ईरान के अंतरिक्ष प्लान से पश्चिमी देश घबराए, तीन उपग्रहों की लांचिंग पर हुई आलोचना

**यरुशलम(एजेंसी)।** ईरान के उपग्रह लांचिंग की पश्चिमी देशों ने आलोचना की है। बताया जा रहा है कि ईरान के इस कदम से बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों में और इजाफा होगा। ईरान ने रविवार को कहा कि उसने अंतरिक्ष में तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। वहीं, पश्चिमी देशों ने ईरान के इस हालिया कार्यक्रम की आलोचना की है। मीडिया मे आई प्रक्षेपण की इन खबरों में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग भी देखा गया, जो इससे पहले कई बार विफल रहा था। बता दें कि ईरान का यह प्रक्षेपण ऐसे वक्त हुआ है जब पश्चिम एशिया में गाजा पट्टी में हमास पर इजराइल का युद्ध लगातार जारी रहने के कारण तनाव बढ़ गया है। हालांकि ईरान ने इस संघर्ष में सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया है लेकिन इस महीने की शुरुआत में इस्लामिक स्टेट के आत्मघाती बम विस्फोट और यमन के हूती विद्रोहियों जैसे छद्म संगठनों द्वारा युद्ध से जुड़े हमलों के बाद कार्रवाई को लेकर उसे अपने धर्मगुरुओं के दबाव का सामना करना पड़ा है।

ईरानी मीडिया में जारी किए गए फुटेज में रात के दौरान सिमोर्ग रॉकेट का प्रक्षेपण दिख रहा है। फुटेज के विवरण का विश्लेषण से पता चलता है कि प्रक्षेपण ईरान के ग्रामीण सेमनान प्रांत में इमाम 'खुमैनी स्पेसपोर्ट' पर किया गया था। मीडिया ने प्रक्षेपित उपग्रहों का नाम महदा, केहान-2 और हत्फ-1 बताया। बता दें कि महदा एक अनुसंधान उपग्रह है, जबकि केहान और हत्फ क्रमशः वैश्विक स्थिति और संचार पर केंद्रित नैनो उपग्रह हैं। हालांकि अमेरिका ने पहले कहा था कि ईरान के उपग्रह प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव की अवहेलना करते हैं और उससे परमाणु हथियार पहुंचाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं करने को कहा गया है।

बता दें कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध पिछले अक्टूबर में समाप्त हो गए थे। अमेरिकी खुफिया समुदाय के 2023 के विश्वव्यापी खतरे के आकलन में कहा गया है कि उपग्रह प्रक्षेपण यानों के विकास से ईरान कम समय में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करने में सक्षम हो जाएगा, क्योंकि इसमें समान तकनीक का उपयोग किया जाता है। वहीं अमेरिकी सेना और विदेश मंत्रालय ने इसका तुरंत जवाब नहीं दिया। हालांकि अमेरिकी सेना ने 20 जनवरी को किए गए सफल ईरानी उपग्रह प्रक्षेपण को दबे स्वर में स्वीकार जरूर किया है।



# इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में भारतीय टीम को 28 रनों से हराया

**– प्लेयर ऑफ द मैच : ओली पोप**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** ओली पोप की शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 28 रनों से हरा दिया। इस प्रकार पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड ने 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। मैच में ओली पोप की 196 रन की पारी ने मेहमान टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस मैच में इंग्लैंड ने भारतीय टीम को जीत के लिए 231 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में 202 रनों पर ही आउट हो गयी। भारतीय टीम की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 15 रन पर आउट हुए जबकि शुभमन गिल अपना खाता भी नहीं खोल पाये। कप्तान रोहित शर्मा ने 39 रन बनाये। केएल राहुल 22 रन बनाकर जबकि अक्षर पटेल 17 रन बनाकर आउट हुए। आर अश्विन और केएस भरत के आउट होते ही भारतीय टीम हार गयी। इंग्लैंड की ओर से टॉम हार्टले ने शुरुआती तीनों विकेट लेकर भारतीय टीम की बल्लेबाजी को दबाव में ला दिया जिससे वह अंत तक नहीं उबर पायी।

इससे पहले आज सुबह ओली पोप के शानदार शतक से इंग्लैंड ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को जीत के लिए चौथे दिन 231 रनों का कठिन लक्ष्य दिया है। पहली पारी में पीछे होने के बाद मेहमान टीम इंग्लैंड दूसरी पारी में ओली के शतक से संभल गयी और उसने 420 रन बनाये। ओली ने 196 रन बनाये।

इंग्लैंड की टीम ने इस मैच में जबरदस्त वापसी दिखायी। इस मैच में मेहमान टीम ने पहली पारी में बेन स्कोक्स के अर्धशतक के बाद भी केवल 246 रन बनाये थे। वहीं भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के अर्धशतकों से 436 रन बनाये। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम को 190 रनों की अच्छी खासी बढ़त मिल गयी थी।

वहीं दूसरी पारी में इंग्लैंड की आधी टीम बेहद कम रनों पर ही पेवेलियन लौट गयी। इसके बाद ओली ने साहसिक पारी खेलकर सभी को हैरान कर दिया। ओली ने 21 चौके लगाकर 196 रन बनाये। 21 चौके से सजी इस पारी की बदौलत इंग्लैंड दूसरी पारी में 420 रन तक पहुंच गयी। भारतीय टीम के पास पहली पारी के आधार पर 190 रनों की बढ़त थी ऐसे में उसे जीत के लिए 231 रन बनाने हैं।

भारत की ओर से दूसरी पारी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए केवल 41 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं पहली पारी में तीन विकेट लेने वाले आर अश्विन ने दूसरी पारी में भी तीन विकेट लिए। वहीं दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा ने दो विकेट लिए। पहली पारी में जडेजा ने तीन विकेट लिए थे।



## रिदम और उज्जवल ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में गोल्ड

**काहिरा (एजेंसी)।** भारत के रिदम सांगवान और उज्ज्वल मलिक ने आईएसएसएफ विश्व कप 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय निशानेबाजी टीम ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अर्मेनियाई जोड़ी एल्मिरा करापेटियन और बेनिक खलघटयान को 17-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

वहीं कजाकिस्तान की इरिना यूनुसमेतोवा और वेलेरी राखिमजान ने इटली की चियारा जियानकामिली-फेडेरिको निलो मालदिनी की जोड़ी को 16-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन राउंड में भारतीय जोड़ी ने 580 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि करापेटियन-खलघटयान 581 अंकों के साथ 24 निशानेबाज़ों के बीच में शीर्ष पर रहे।

मनु भाकर और रविंदर सिंह ने आठवें स्थान के लिए 575 का स्कोर हासिल किया और मेडल राउंड में जगह नहीं बना सके। मनु भाकर ने भी शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत राउंड में निराशाजनक प्रदर्शन किया और 18वें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। इस बीच, अर्जुन बाबुता और सोनम मास्कर को



10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के सियोनैड मैकिन्टोश और डीन बेल से 16-14 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इससे पहले, अर्जुन बाबुता और सोनम मास्कर ने 38-टीम क्वालीफाइंग राउंड में 632.3 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। नैंसी और पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल 627.4 के स्कोर के साथ 20वें स्थान पर रहे। अनुराधा देवी ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। एक स्वर्ण पदक और दो रजत पदक के साथ भारत आईएसएसएफ विश्वकप के पहले चरण में शीर्ष पर है। कजाकिस्तान, स्पेन, यूनान, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया ने भी एक-एक स्वर्ण जीता है, लेकिन रजत पदक कम मिले हैं। पुरुष और महिला ट्रैप स्पर्धा में कोई भी भारतीय निशानेबाज मेडल राउंड में नहीं पहुंच सका।

## बोपन्ना सबसे अधिक उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत के रोहन बोपन्ना ने 43 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल टेनिस खिताब जीता है। इसी के साथ ही वह सबसे अधिक उम्र में ये खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ये खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया ववासोरी को 7-6(0), 7-5 से हराया। बोपन्ना ने इसी के साथ ही अपना पहला ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल खिताब जीतने का लक्ष्य भी हासिल कर लिया है। बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटे, 40 मिनट तक चले मुकाबले के बाद ये जीत दर्ज की। उन्होंने और एबडेन ने अहम चरणों में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस प्रदर्शन किया। इस जोड़ी ने पहले सेट के टाई-ब्रेक में वापसी करते हुए जबरदस्त बढ़त दर्ज की वहीं इससे पहले 11वें गेम में दूसरे सेट में अहम ब्रेक भी हासिल किया । बोपन्ना और एबडेन ने हार्ड-कोर्ट मेजर में खेले गए सभी सात टाई-ब्रेक जीते। जीत के बाद बोपन्ना और एबडेन बेहद उत्साहित दिखे। यह पहली बार है जब बोपन्ना ने कोई बड़ा पुरुष युगल खिताब जीता है।




इससे पहले वह साल 2010 और 2023 में अमेरिकी ओपन के फाइनल में हार गए थे। बोपन्ना ओपन युग में एक बड़ा पुरुष युगल खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। वह अब एटीपी युगल रैंकिंग में सबसे अधिक उम्र में खिताब जीतने के मामले में नंबर एक खिलाड़ी बन गये हैं। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल का खिताब जीतने वाले 28वें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। बोपन्ना ने इससे पहले साल 2017 में फ्रेंच ओपन में गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ मिश्रित युगल खिताब जीता था। वहीं उनके जोड़ीदार एबडेन ने अब तब दो पुरुष युगल खिताब जीते हैं। उन्होंने साल 2022 में मैक्स परसेल के साथ विंबलडन जीता है। बोपन्ना लिएंडर पेस, भूपति और मिर्जा के बाद ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले कुल मिलाकर चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं।

# वेस्टइंडीज ने रचा इतिहास,

## 27 साल बाद टेस्ट में आस्ट्रेलिया को उसी की सरजमीं पर हराया, श्रृंखला भी 1-1 से बराबरी की

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** शामार जोसेफ के सात विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता जो आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में 27 साल बाद मिली जीत है। जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हें मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर सात विकेट लिये और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर नाबाद रहे। एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 24 वर्ष के जोसेफ 11वें नंबर के बल्लेबाज जोश हेजलवुड का विकेट लेते ही खुशी के मारे उछल पड़े। वेस्टइंडीज ने एडीलेड टेस्ट तीन दिन के भीतर दस विकेट से गंवाने के बाद वापसी करके श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की।

वाका पर 1997 में दस विकेट से जीत दर्ज करने के बाद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच नहीं जीता है। कैमरन ग्रीन और स्मिथ ने216 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले घंटे में आस्ट्रेलिया को दो विकेट पर 60 रन तक पहुंचाया। जोसेफ ने लगातार दस ओवर डालते हुए पहले स्पैल में 60 रन देकर छह विकेट लिये। उस समय आस्ट्रेलिया को जीत के लिये 29 रन की जरूरत थी और उसके दो विकेट बाकी थे। जोसेफ ने ग्रीन (42) को आउट करके 71 रन की साझेदारी तोड़ी।



इसके बाद अगली यॉर्कर पर ट्रेविस हेड को पवेलियन भेजा। मिचेल मार्श (10) और एलेक्स कारी (दो) भी टिक नहीं सके। स्टार्क ने 21 रन बनाये लेकिन कवर में केविन सिनक्लेयर को कैच देकर जोसेफ का पांचवां शिकार बने। वहीं पहली पारी में नाबाद 64 रन बनाने वाले पैट कमिंस दो रन बनाकर आउट हो गए। जोसेफ ने नाथन लियोन को डिनर ब्रेक के बाद आउट किया। स्मिथ ने जोसेफ को फाइन लेग पर छक्का लगाकर लक्ष्य एक अंक का कर दिया लेकिन हेजलवुड का आफ स्टम्प उखाड़कर जोसेफ ने वेस्टइंडीज को जीत दिलाई।

## 27 साल बाद वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया में मिली जीत पर भावुक हुए लारा

गाबा। शमर जोसेफ की घातक गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में 8 रन से हरा दिया। शमर ने सात विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसे दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम 216 रनों के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पायी और 207 रनों पर ही आउट हो गयी। वेस्ट इंडीज को ऑस्ट्रेलिया में 27 साल बाद मिली जीत पर वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा भी भावुक हो गये। लारा का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें उनकी आंखों में आंसू नजर आये। लारा ने खुशी में कमेंट्री बॉक्स में अपने साथी कमेंटेटर एडम गिलक्रिस्ट को गले लगा लिया। शमर ने जैसे ही ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड का विकेट लिया टीम को जीत मिल गयी।



लारा ने मैच देखकर इस जीत को अविश्वसनीय बताया। साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में हराने में 27 साल लग गए। युवा अनुभवहीन क्रिकेटरों को बेकार माना गया पर उन्होंने कमाल कर दिया। इससे उम्मीद है कि यह वेस्टइंडीज टीम अब मजबूती से खड़ी हो सकती है। वेस्टइंडीज क्रिकेट आज मजबूती से खड़ा हो सकता है। आज वेस्टइंडीज क्रिकेट में एक बड़ा दिन है। बधाई हो, हर एक को बधाई। वहीं जब वेस्टइंडीज के क्रिकेटर गाबा में विजय यात्रा के लिए निकले तो लारा भावनाओं से भर गए। इस मैच ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की नाबाद 91 रन की पारी भी उनकी टीम को बचा नहीं पायी।

## रोहित भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे क्रिकेटर बने

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। रोहित भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे क्रिकेटर बन गए हैं। रोहित इसी के साथ ही पूर्व कप्तान सौरव गांगुली से आगे निकल गये।

रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में पहली पारी में 24 रन बनाये और इसी के साथ ही उनके कुल रन 18,444 हो गये।



रोहित ने 43.34 के औसत से 467 मैचों में ये रन बनाये हैं। भारतीय कप्तान ने इस दौरान 46 शतक भी लगाए। इससे पहले गांगुली ने भारतीय टीम की ओर से 18,433 रन बनाए थे। वहीं भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पहले तीन स्थानों पर सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ हैं। सचिन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 664 मैच खेलकर सबसे अधिक 34,357 रन बनाए हैं। उन्होंने इस दौरान रिकॉर्ड 100 शतक भी लगाए हैं। वहीं विराट ने 522 मैचों में 26,733 रन बनाए हैं और वह दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने अब तक 80 शतक लगाये हैं जबकि द्रविड़ तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 509 मैच में 24,208 रन बनाए हैं।

रोहित को शीर्ष–3 में पहुंचने द्रविड़ को पीछे छोड़ना होगा। द्रविड़ और रोहित के बीच तकरीबन 6000 रन का बड़ा अंतर है ओर ये आंकडा हासिल करना बेहद कठिन है।

# एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्वकप: फाइनल में हारा भारत, नीदरलैंड बना चैंपियन

**मस्कट (एजेंसी)।** नीदरलैंड की महिला टीम ने एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप 2024 के फाइनल में भारतीय महिला टीम को हराकर चैंपियनशिप जीत ली है। शनिवार को यहां खेले गए फाइनल में मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम को नीदरलैंड से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा।

मैंच की शुरुआत में नीदरलैंड की जेनेके वान डी वेने ने एक लंबा शॉट खेलते हुए गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई और इसके कुछ ही देर बाद बेन्टे वान डेर वेल्ट ने एक और गोल दागकर नीदरलैंड की बढ़त दोगुनी दिया। नीदरलैंड के खिलाड़ियों द्वारा किये गये चार और गोल की बदौलत पहले हॉफ में स्कोर 6-0 रहा। नीदरलैंड के लिए जेनेके वान डी वेने ने दूसरे और 14वें मिनट में, बेन्टे वान डेर वेल्ट ने चौथे और आठवें मिनट में, लाना कालसे ने 11वें, 27वें और सोशा बेनिंगा ने 13वें ने गोल किए।

दूसरे हाफ में ज्योति छत्री ने गोलकर भारत का खाता खोला। इसके बाद रुतुजा दादासो पिसल ने 23वें मिनट में गोलकर स्कोर 6-2 कर दिया। वहीं भारत की ओर से ज्योति छत्री ने 20 वें मिनट में और रुतुजा दादासो पिसल ने 23वें मिनट में गोल किये। नीदरलैंड की लाना कालसे ने 27वें मिनट में एक और गोलकर मैच 7-2 स्कोर के साथ समाप्त कर दिया।



## रोहित शर्मा की युवा क्रिकेटरों को सलाह, विराट कोहली से 'ये' गुण सीखें



मुम्बई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सीनियर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। शर्मा ने कहा है कि भारत के पूर्व कप्तान से न केवल मैदान के अंदर बल्कि बाहर भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। जियो सिनेमा पर दिनेश कार्तिक से बात करते हुए शर्मा ने कोहली की प्रतिभा के बारे में विस्तार से बताया और बताया कि युवाओं को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक से क्या सीखने की जरूरत है इस पर भी प्रकाश डाला। रोहित ने कहा, 'विराट कोहली अपने पूरे करियर में कभी भी एनसीए नहीं गए हैं। मैं कहूंगा कि सभी युवा खिलाड़ियों को उनके जुनून को देखना चाहिए। वह कवर ड्राइव, फ्लिक, कट कैसे खेलते हैं, इसकी बात छोड़ दें, लेकिन सबसे पहले आपको यह करना होगा, समझें कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता क्या है जो उन्हें आज इस मुकाम पर पहुंचाती है।' शर्मा ने बताया कि कुछ बदलाव हैं जो एक व्यक्ति को अंदर से करने की जरूरत है और युवाओं के लिए उन्होंने सलाह दी कि वे विराट कोहली को देख सकते हैं और उसके अनुसार अपना दृष्टिकोण और तरीके बदल सकते हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने कोहली को काफी देखा है। उसने जो हासिल किया है उससे वह आसानी से संतुष्ट हो सकता है। वह कह सकता है कि मैं इन 2–3 श्रृंखलाओं में इसे आसानी से ले लूंगा, मैं बाद में आऊंगा, लेकिन वह हमेशा टीम के लिए मौजूद है। वह मानसिकता भूखा रहना और आत्मसंतुष्ट न रहना सिखाया नहीं जा सकता। आपको यह दूसरों को देखकर सीखना होगा। यह भीतर से आनी चाहिए। मैं आपको यह नहीं सिखा सकता।'

# मैच फिक्सिंग के आरोपों को शोएब मलिक ने किया सिरे से खारिज

**ढाका (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने मैच फिक्सिंग के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन पर बांग्लादेश प्रीमियर लीग में मैच फिक्सिंग के आरोप लगाने के साथ ही फोरच्यून बारिशल टीम के साथ अनुबंध खत्म होने का दावा भी किया जा रहा है। इसके बाद सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के अनुसार मैच फिक्सिंग के संदेह के कारण ही फ्रेंचाइजी ने मलिक का अनुबंध खत्म कर दिया है। 22 जनवरी को खुलना टाइगर्स के खिलाफ एक मैच के दौरान शुरूआती ओवर में तीन नोबॉल फेंके जाने के बाद यह दावा सामने आया है। इन आरोपों के बावजूद मलिक ने फ्रेंचाइजी के लिए एक और मैच खेला जिसके बाद बीपीएल 2024 का ढाका चरण समाप्त हुआ। इधर मलिक ने अपने 'एक्स अकाउंट पर लिखा- जब बात अफवाहों की हो तो मैं सतर्कता बरतने की महत्ता पर जोर देना चाहता हूं, विशेषकर हाल में जो अफवाहें चल रही हैं। उन्होंने कहा- मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं इन आधारहीन अफवाहों का खंडन करता हूं। सभी के लिए किसी भी जानकारी पर विश्वास करना और इस फैलाने से पहले जांच करना बहुत महत्वपूर्ण है। मलिक ने लिखा- झूठ से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है और इससे गैर जरूरी भ्रम पैदा होता है। सच्चाई को प्राथमिकता दें और तथ्यों की समझ सुनिश्चित करने के लिए विश्वसनीय सूत्रों पर ही भरोसा करें।

इसके साथ ही सोएक मलिक ने टीम के कप्तान तमीम इकबाल के साथ हुई चर्चा को भी स्पष्ट किया और कहा कि उन्होंने साथ मिलकर दुबई में एक मीडिया कार्यक्रम के लिए बांग्लादेश से उनकी अस्थायी रवानगी की योजना बनायी है।



## जयसवाल, राहुल और जडेजा ने बनाया यूनीक रिकॉर्ड, 92 साल में पहली बार

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने हैदराबाद के मैदान पर इंगलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन 436 रन बनाकर 190 रन की महत्वपूर्ण लीड हासिल कर ली है। भारतीय टीम की ओर से यशस्वी जयसवाल 80, केएल राहुल 87 और रवींद्र जड़ेजा 80 से ज्यादा रन बनाने में सफल रहे। तीनों बल्लेबाजों ने मिलकर एक यूनीक रिकॉर्ड भी बना दिया। दरअसल, भारत की ओर से तीन बल्लेबाजों द्वारा 80 से ज्यादा रन बनाकर आऊट होने का यह पहला मुकाबला है। भारतीय टीम को टेस्ट क्रिकेट खेलते 92 साल हो गए हैं। इससे पहले कभी ऐसा नहीं देखा गया था। हैदराबाद के मैदान पर इंगलैंड ने दूसरी पारी में अपनी स्थिति मजबूत कर 126 रन की लीड ले ली है। इंगलैंड को पहली पारी को 246 रन पर रोककर भारतीय टीम ने जायसवाल, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 436 रन बनाए थे। भारत के पास 190 रन की लीड थी। लेकिन इंगलैंड ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी की। खास तौर पर ओली पोप ने 208 गेंदों पर 148 बनाए और स्कोर 316 तक ले गए। इंगलैंड के पास लीड है और वह चौथे दिन इसे और मजबूत करना चाहेगा।



# पूरी तरह से फिट दीपक चाहर की निगाहें टी20 विश्व कप पर



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर व्यक्तिगत तौर पर चुनौतीपूर्ण दौर के कारण कुछ मुकाबलों में नहीं खेल पाए लेकिन अब वह वापसी को तैयार हैं और उनकी निगाहें इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप पर लगी हुई हैं। पिता के 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण वह दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे और फिर इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए। चाहर ने कहा, 'मैं अपने पिता की वजह से ही यहां हूं, जो भी मैंने हासिल किया है वो अपने पिता की वजह से ही हासिल किया। इस हालत में अगर उनके पास नहीं हूं तो मैं कैसा बेटा हूं?' उन्होंने कहा, 'अगर यह श्रृंखला भारत में होती तो मैं निश्चित रूप से खेलने की कोशिश करता क्योंकि अगर जरूरत होती तो मैं चार-पांच घंटे में अस्पताल पहुंच सकता था। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो तीन दिन वापस आने में लगते। तो मेरे लिए आसान फैसला अपने पिता के साथ रहने का था, कोई भी बेटा ऐसा करेगा।'

चाहर ने कहा कि उन्हें फिटनेस संबंधित वर्कआउट के अलावा ट्रेनिंग का ज्यादा समय नहीं मिला तो वह तैयारी के लिए एनसीए में चले गये क्योंकि उनकी निगाहें भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर लगी हैं। उन्होंने कहा, 'मैं 25 दिन तक अपने पिता के साथ अस्पताल में था। वह आगरा में नहीं अलीगढ़ में थे। हम सभी को उनके साथ वहीं रूकना था। मैं बस कुछ व्यायाम ही कर पाता था। मैं कोई भी क्रिकेट गतिविधि नहीं कर रहा था इसलए मैं अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए तैयार नहीं था। मैंने एक महीने से अभ्यास नहीं किया था।'

उन्होंने कहा, 'मैं एनसीए गया और अभ्यास शुरू किया। मैं अब पूरी तरह फिट हूं। सब ठीक है और मैंने आईपीएल और विश्व कप के लिए कड़ी ट्रेनिंग की है।' चाहर ने कहा, 'मैं चोटों के कारण दो टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाया। अगर मैं पूरी तरह फिट होता तो मैं विश्व कप टीम का भी हिस्सा होता। किसी भी टीम संयोजन में हमेशा ऐसे गेंदबाज की जरूरत होती है तो जो सातवें, आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाजी कर सके। मैंने ऐसा किया है और भारतीय टीम के लिए रन बनाए हैं।' चाहर का महेंद्र सिंह धोनी से विशेष लगाव है और उनका कहना है कि उनके करियर को निखारने और इसे लंबा करने में चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान का ही हाथ है। वह नहीं चाहते हैं कि यह महान क्रिकेटर संन्यास ले बल्कि उन्हें दो तीन साल और खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे उनके (धोनी) साथ सहज होने में दो तीन साल लगे, मैं उन्हें बड़ा भाई मानता हूं और वह भी मुझसे छोटे भाई की तरह बर्ताव करते हैं।' चाहर ने कहा, 'लॉकडाउन के समय में हमने साथ में काफी पबजी खेला। हमने काफी गेम खेले। मैं भाग्यशाली हूं कि उनसे इतना कुछ सीखा। मैं कहूंगा कि उनकी वजह से ही मुझे भारत के लिए खेलने का मौका मिला क्योंकि इससे पहले उन्होंने 2018 आईपीएल में सभी 14 मैच खेलने का बड़ा मौका दिया था।' धोनी पिछले एक साल से घुटने की चोट से जूझ रहे हैं। चाहर का कहना है कि उन्हें अपने करियर के इस पड़ाव पर चेन्नई सुपरकिंग्स की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से बचना चाहिए और अपने खेल का लुत्फ उठाना चाहिए।

### संक्षिप्त समाचार

## लौट आई है फ्लिपकार्ट की क्राफ्टेड बाय भारत समर्थ सेल

**मुंबई एजेंसी।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज अपने फ्लैगशिप सेल इवेंट क्राफ्टेड बाय भारत के सातवें संस्करण का एलान किया है। भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी, 2024 को सेल आयोजित की जाएगी। यह विशेष सेल इवेंट भारत की संस्कृति एवं समृद्ध विरासत को समर्पित उत्सव है जिसमें देशभर से प्रतिष्ठित ब्रांड्स के हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट की विविध रेंज प्रदर्शित की जाएगी। इस इवेंट से मिलने वाले मौके को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा हम गणतंत्र दिवस मना रहे हैं और इस अवसर पर अपने फ्लिपकार्ट समर्थ पार्टनर्स को उनके विविध उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए प्लेटफॉर्म प्रदान करने और इस सेल इवेंट के दौरान हमारे 50 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को समृद्ध भारतीय संस्कृति से जुड़ने का मौका देने की हमें खुशी है। सातवें संस्करण के साथ हम स्थानीय कारीगरों, बुनकरों, हस्तशिल्पियों, स्वयं सहायता समूहों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इस गणतंत्र दिवस पर श्क्राफ्टेड बाय भारतश् को गहरी सांस्कृतिक कहानियों से जुड़े अनूठे उत्पादों और विभिन्न क्षेत्रों के हाथों से बुने उत्पादों को प्रदर्शित करने के हिसाब से तैयार किया गया है, जिससे भारत की विरासत का अनुभव होगा।

## ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की

**मुंबई एजेंसी।** वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में लीड की रीसाइक्लिंग मात्रा 34,488 मेट्रिक टन, एल्यूमीनियम की 3,264 मेट्रिक टन और प्लास्टिक की 2,458 मेट्रिक टन पर पहुंच गई. ग्रेविटा इंडिया ने रीसाइकलिंग उद्योग में अपनी लीडरशिप पोजिशन लगातार बनाए रखी है और वह सर्कुलर अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण पर फोकस कदम के रूप में उभरते सुअवसरों का लाभ उठाने के लिए बेहतर स्थिति में है. मैनेजमेंट अभी स्टेकहोल्डर्स के लिए वैल्यू का निर्माण करने और विश्वसनीय एप्रोच के साथ अपनी दीर्घकालीन विकास योजना पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड के पूर्णकालिक डायरेक्टर और सीईओ श्री योगेश मल्होत्रा ने कहा, ग्रेविटा मजबूती से नए कारोबारी क्षेत्र में विविधीकरण पर फोकस करते हुए अपने महत्वाकांक्षी स्पष्ट विजन को हासिल करने की दिशा में प्रगति कर रही है और 25 प्रतिशत+ और 35 प्रतिशत+ का आय सीएजीआर तथा लाभप्रदता वृद्धि हासिल कर रही है. ।

## बिरला कॉर्पोरेशन लि. के रायबरेली सीमेंट वर्क्स ने मनाई सिल्वर जुबली

**रायबरेली, एजेंसी।** श्री संदीप घोष, एमडी और सीईओ, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में एमपी बिरला सीमेंट की पहली ग्राइंडिंग यूनिट, रायबरेली सीमेंट वर्क्स की सीमेंट और हाउसकीपिंग मानदंडों पर दक्षता, सुरक्षा रिकॉर्ड, गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे ÷छोटी लेकिन सुंदर-स्माल बट ब्यूटीफुल÷ कहकर सराहना की है। आज आरसीडब्ल्यू के सिल्वर जुबली समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस यूनिट ने ग्राहकों के लिए सेवा स्तर में सुधार करके पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रमुख बाजारों में कंपनी के ब्रांड्स की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने कंपनी का पहला प्रीमियम पीपीसी ब्रांड, एमपी बिरला सीमेंट अल्टीमेट भी तैयार किया, जिसे समझदार उपयोगकर्ताओं द्वारा बहुत सराहा गया। कंपनी की कुंदनगंज यूनिट की शुरूआत के बाद भी, रायबरेली हाई ग्रेड सीमेंट के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत बना हुआ है, जो रायबरेली, लखनऊ और अमेठी-सुल्तानपुर बेल्ट के प्रमुख बाजारों की आपूर्ति करता है। घोष ने इस बात पर जोर दिया कि प्रदर्शन, नैतिकता और संस्कृति के लिए तारीफपाने की दृष्टि से कंपनी को अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बनना होगा।

# अदाणी समूह पर हुए हमले को किया विफल : गौतम अदाणी

**मुंबई, एजेंसी।** हमें अतीत में जीना नहीं चाहिए लेकिन उससे सीख लेते हुए निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। आज का दिन भी ऐसा ही मौका है। ठीक एक साल पहले न्यूयार्क स्थित शार्ट सेलर फर्म ने तथाकथित शोध रिपोर्ट पेश करते हुए अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों का संकलन सार्वजनिक किया था। संकलन इसलिए कहा क्योंकि उसमे उल्लिखित तमाम आरोप, हमारे विरोधी समय-समय पर पहले भी लगाते रहे थे। कुल मिलाकर, यह प्रकट और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी से प्राप्त चुनिंदा अर्धसत्यों का एक चालाकी से तैयार किया गया मसौदा भर ही था। इन आरोपों को सिरे से खारिज कर हमने त्वरित प्रतिक्रिया दी लेकिन हमारी प्रतिक्रिया पर इस बार तथ्यहीन आरोप हावी हो रहे थे। शेयर बाजार और राजनीतिक बयानबाजी ने हमें कुछ ही समय में मामले की गंभीरता का अहसास करा दिया था।

शॉर्ट-सेलिंग हमलों का प्रभाव आम तौर पर वित्तीय बाजारों तक ही सीमित होता है। लेकिन यह एक अनोखा द्वि-आयामी हमला था - एक



वित्तीय और दूसरा राजनैतिक। दोनों क्षेत्रों का प्रभाव एक दूसरे पर पड़ा 7 मीडिया में कुछ लोगों की सहायता और प्रोत्साहन से हमारे खिलाफ झूठ इतना प्रभावी था कि हमारे पोर्टफोलियो की जमीनी वास्तविकतायें धूल धूसरित होती महसूस हो रही थीं। ऐसा इसलिए था क्योंकि आमतौर पर पूंजीबाजार तर्कसंगत से अधिक भावनात्मक होते हैं।

मुझे अधिक चिन्ता इस बात की हो रही थी कि हजारों छोटे निवेशकों अपनी बहुमूल्य बचत खो रहे थे। साथ ही, देश के लिहाज से भी चिंता का विषय यह था कि यदि हमारे विरोधियों की योजना पूरी तरह से सफल हो जाती तो डोमिनो प्रभाव (एक के प्रभाव से दूसरे का गिरना) से बंदरगाहों, हवाई अड्डों से लेकर बिजली उत्पादन-आपूर्ति श्रृंखला तक कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की संपत्तियों को नुकसान पहुंच सकता था। यह किसी भी देश के लिए एक भयावह स्थिति ही होती। लेकिन ईश्वर की कृपा और तमाम साथियों की सामूहिक कोशिशों से हम इस संकट से उभरे और मजबूत स्थिति में पहुंच गए। इस मुश्किल वक्त में वित्तीय निवेशक, ऋणदाता और रेटिंग एजेंसी सहित वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञ, इस झूठ की सुनामी में भी पूरी ताकत से हमारे सच की पतवार को थामे रहे। इसकी वजह यह थी, उन्हें कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति एवं गवर्नेंस की गहराई से जानकारी थी।

लिहाजा, हमने दशकों से अपनाई पारदर्शी तथ्य और सत्य पर आधारित कार्यपद्धति को ही रणनीति का आधार बनाया। हमारा पहला निर्णय अपने निवेशकों की सुरक्षा करना था। 20 हजार करोड़ रुपये का एफपीओ पूरा सब्सक्राइब हो जाने के बाद भी हमने वह राशि निवेशकों को वापस लौटाने का फैसला लिया। दुनिया के कॉर्पोरेट इतिहास में अभूतपूर्व इस कदम ने निवेशक कल्याण और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

इस युद्ध के कुहासे भरे माहौल में हमारा सबसे बड़ा हथियार नकद पूंजी की पर्याप्त उपलब्धता भी थी। हमारे मजबूत नकदी भंडार में 30 हजार करोड़ रुपये थे। इसके अलावा, कंपनियों हमने अपनी हिस्सेदारी को घटाकर अतिरिक्त 40 हजार करोड़ रुपये जुटाए, इससे हमारी वित्तीय स्थिति और मजबूत हुई। यह राशि अगले दो वर्षों के लिए कर्ज चुकाने के बराबर थी। इसके लिए हमारी मदद वित्तीय बाज़ार में विश्वस्तरीय बेदाग़ वित्तीय संस्था जैसे जीक्यूजी पार्टनर्स और क्यूआईए ने की। ऐसी संस्थाओं का साथ मिलने से बाकी वित्तीय संस्थानों का भरोसा हमारे प्रति बढ़ा।

बैंकों को मार्जिन-लिंक्ड फाइनेंसिंग के 17 हजार 500 करोड़ रुपये का प्री-पेमेंट करके कंपनी के शेयरों को बंधन मुक्त कर हमने अपने पोर्टफोलियो को बाजार की अस्थिरता से बचाया और रिंग-फेंस किया।इन विपरीत परिस्थितियों से निपटने की जिम्मेदारी स्वयं पर लेते हुए मैंने अपने साथियों को स्पष्ट तौर से व्यवसायों के संचालन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। वह किस कदर सफल भी रहे इसका अंदाजा इस बात से लगायें कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 47 प्रतिशत की रिकॉर्ड तोड़ मुनाफे में वृद्धि हुई। साथ ही अदाणी पोर्टफोलियो ने वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भी अपना अब तक का सबसे अधिक लाभ दिया। इससे साफ जाहिर हो रहा था कि हम ठीक दिशा में आगे जा रहे हैं।

## टेकमहिन्द्रा की तीसरी तिमाही की आय 1.8 प्रतिशत बढ़कर 13,101 करोड़ रुपये

**मुंबई, एजेंसी।** डिजिटल परिवर्तन, परामर्श और बिजनेस रिइंजीनियरिंग सेवाओं में विशेषज्ञ कंपनी टेक महिन्द्रा ने 31दिसंबर, 2023 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय नतीजों की आज घोषणा की। आय 157.3करोड़ डालर रही, तिमाही दर तिमाही 1.1प्रतिशत अधिक, साल दर साल 5.7प्रतिशत कम श स्थिर मुद्रा संदर्भ में आय तिमाही दर तिमाही 1.1प्रतिशत बढ़ी। एबिटा 13.8करोड़ डालर रहा, तिमाही दर तिमाही 6.4प्रतिशत अधिक, साल दर साल 47.1प्रतिशत कम, मार्जिन 8.8प्रतिशत, तिमाही दर तिमाही 40 आधार अंक अधिक। कर बाद लाभ 6.1करोड़ डालर, तिमाही दर तिमाही 3.0प्रतिशत अधिक, साल दर साल 61.0प्रतिशत कम। टेक महिन्द्रा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मोहित जोशी ने कहा, बीती तिमाही परिणा के लिहाज से मिलीजुली रही जिसमें विनिर्माण एवं हेल्थकेयर खंड में वृद्धि रही, लेकिन संचार, बीएफएसआई और हाईटेक जैसे क्षेत्रों में मामूली खर्च रहा। जहां इन बाजारों में इस विरोधाभास को दूर होने में अपना समय लगेगा, हम नई संरचना के तहत आंतरिक रूप से पुनः संगठित होने पर ध्यान दे रहे हैं और साथ ही हमारे संगठनों की नीव मजबूत कर रहे हैं। टेक महिन्द्रा के मुख्य वित्तीय अधिकारी रोहित आनंद ने कहा, इस साल ने हमें वापस जाकर अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करने का अवसर दिया है। हमें विश्वास है कि इन कदमों से हमें हमारी कार्यप्रणाली दुरुस्त करने और दीर्घकाल में मूल्य प्रदान करने में मदद मिलेगी।




## गोदरेज समूह हीरे जैसा मज़बूत के शानदार विचार के साथ मना रहा है गणतंत्र दिवस

**मुंबई एजेंसी।** भारत 26 जनवरी को अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाने के लिए तैयार है और ऐसे में गोदरेज समूह को परिवर्तित राष्ट्र की यात्रा का जश्न मनाते हुए एक डिजिटल अभियान शुरू करने पर गर्व है। यह अभियान, आधिकारिक थीम, स्हीरेजैसामज़बूत (विकसित भारत) के अनुरूप उन आम नागरिकों पर केंद्र में रखता है, जिन्होंने भारत की असाधारण गणतंत्र की हीरक जयंती को आकार दिया है। यह अभियान एक मार्मिक वीडियो कथा के ज़रिये उन दबावों, अथक परिश्रम और दृढ़ दृष्टि का सम्मान करता है, जिसने हमारे देश को हीरे के रूपक में बदल दिया है। किसानों से लेकर उद्यमियों तक, डॉक्टरों से लेकर सैनिकों तक और एथलीटों से लेकर कलाकारों तक, यह अभियान विविध पृष्ठभूमि और आयु वर्ग के आम जीवन के नायकों की कहानियों पर रोशनी डालता है, जिन्होंने भारत के विकास और गौरव में योगदान दिया है। गोदरेज इंडस्ट्रीज की कार्यकारी निदेशक और मुख्य ब्रांड अधिकारी, तान्या दुबाश ने इस अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, हम 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहे हैं और इस मौके पर हम अपने देश की दृढ़ता स्वीकार कर इसका जश्न मनाना चाहते हैं, जो बिलकुल हीरे की तरह दबाव झेलकर और भी अधिक मज़बूत बनकर उभरा। स्हीरेजैसामज़बूत के ज़रिये हम देश और देश के नागरिकों की उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मनाना चाहते हैं और हमें उम्मीद है कि यह सभी को हमारे राष्ट्र के निरंतर विकास और प्रगति में योगदान करने के लिए प्रेरित करेगा।

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवधि के लिए 26,000 करोड़ का नया बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया

**मुंबई एजेंसी।** देश के अग्रणी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवधि के लिए 26,000 करोड़ रुपये का न्यू बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त अवधि में यह 21,512 करोड़ रुपये था। सिंगल प्रीमियम में 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त इसी अवधि की तुलना में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए, एसबीआई लाइफ का प्रोटेक्शन न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवधि के लिए 2,972 करोड़ रहा, जो 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवधि के लिए सुरक्षा व्यक्तिगत न्यू बिजनेस प्रीमियम यह 667 करोड़ रुपये रहा। व्यक्तिगत न्यू बिजनेस प्रीमियम 17,762 करोड़ रुपये रहा, 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त इसी अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

SBI Life
Apne liye. Apno ke liye.

31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवधि के लिए एसबीआई लाइफ का कर पश्चात लाभ 1,083 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात 1.50 की नियामक आवश्यकता के मुकाबले 31 दिसंबर, 2023 तक 2.09 पर मजबूत बना हुआ है। एसबीआई लाइफ का एयूएम भी 65:35 के ऋण-इक्विटी मिश्रण के साथ 31 दिसंबर, 2023 को 24 प्रतिशत बढ़कर 3,71,410 करोड़ रुपये हो गया, जो 31 दिसंबर 2022 को 2,99,987 करोड़ रुपये था। 95 प्रतिशत से अधिक ऋण निवेश एएए और सॉवरेन उपकरणों में हैं।

## सर्वोकॉन सिस्टम्स ने परिवारों और व्यवसायियों के लिए सोलर रूफटॉप फाइनैंसिंग की सुविधा शुरू की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पावर कंडीशनिंग इक्विपमेंट और ट्रांसफॉर्मर निर्माण क्षेत्र में प्रख्यात एवं भारत के टॉप सर्वो वोल्टेज स्टैब्लाइजर मैन्युफैक्चरर का दर्जा पाने वाली कंपनी सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड अपनी संपूर्ण सोलर फाइनैंसिंग पहल पेश कर उत्साहित है। यह पहल ग्राहकों को टिकाऊ रिन्यूएबल ऊर्जा समाधान अपनाने के लिए सुविधाजनक और सक्षम विकल्प प्रदान कराती है। सोलर एनर्जी के व्यापक तरीके से इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए सर्वोकॉन सिस्टम्स ने अपना सोलर रूफटॉप प्रोजेक्ट फाइनैंसिंग प्रोग्राम पेश किया है। कंपनी किफायती और भरोसेमंद सोलर पैनलों, इन्वर्टर और एक्सेसरीज की व्यापक रेंज पेश करती है जिससे पर्यावरण अनुकूल दुनिया के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का पता चलता है। सर्वोकॉन सिस्टम्स सोलर पैनल इंस्टॉलेशन के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान कराती है जिससे ग्राहकों के लिए कार्य बेहद आसान हो जाता है। सोलर पैनल खरीदने पर ग्राहकों को कम परिचालन लागत और प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों के साथ ऋण अवधि चुनने जैसे फायदे मिलेंगे। कंपनी का पूरे देश में वितरकों का मजबूत नेटवर्क है जो आवासीय और व्यावसायिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है और अपने उत्पादों की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करता है। सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड में सोलर डिवीजन के निदेशक आसिफ खान ने कहा, 'मौजूदा समय में 7 मेगावॉट की निर्माणाधीन क्षमता के साथ साथ संपूर्ण सौर परियोजनाओं में 3 मेगावॉट की हमारी उपलब्धि अक्षय ऊर्जा समाधानों को उन्नत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एनबीएफसी (गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनीयों) के साथ भागीदारी के जरिये, हम वित्तीय पहुंच बढ़ा रहे हैं। सर्वोकॉन सिस्टम्स आवासीय और व्यवसायियों को सौर क्रांति में शामिल होने, स्वच्छ, टिकाऊ ऊर्जा के लिए हमारे फाइनैंसिंग विकल्प का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करती है। निरंतरता के लिए प्रतिबद्ध सर्वोकॉन प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों और ग्राहक-अनुकूल लोन लिमिट के साथ अक्षय ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है। विभिन्न चुनौतियों के बावजूद, वित्त वर्ष 2024 में सोलर उद्योग की मजबूती ऊर्जा संबंधित लक्ष्यों के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में हमारा नया अत्याधुनिक सोलर पैनल निर्माण संयंत्र टिकाऊ ऊर्जा समाधान को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता की जल्द ही पुनः पुष्टि करेगा।

# रोल्स रॉयस स्पेक्टर दक्षिण भारत में लॉन्च

**चेन्नई, एजेंसी।** रोल्स रॉयस की पहली पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कार, स्पेक्टर को 23 जनवरी को दक्षिण भारत में लॉन्च किया गया दुनिया की पहली अल्ट्रा-लक्जरी इलेक्ट्रिक सुपर कूपे ने क्षेत्र में रोल्स रॉयस के लिए नए युग का सूत्रपात किया है दुनिया भर में स्पेक्टर के प्रति लोगों ने बेहद दिलचस्पी दिखाई है। 2024 तक इसकी डिलिवरी के ऑर्डर हैं। भारत के अल्ट्रा हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स (यूएचएनडब्ल्यूआई) की तादाद अगले पांच सालों में 58.4 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है। पिछले साल की तुलना में 2023 में रोल्स रॉयस की कारों की बिक्री लगभग दोगुनी हो गई दक्षिण भारत में इस गाड़ी को सबसे ज्यादा युवाओं ने खरीदा हम रोल्स रॉयस का दक्षिण भारत में स्वागत करने के लिए काफी उत्साहित हैं। यह रोल्स रॉयस के इतिहास का सबसे पसंदीदा मॉडल है, जिसका काफी बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।'' स्पेक्टर में रोल्स रॉयस की पिछली कारों के सभी




चिरपरिचित फीचर्स शामिल हैं। स्पेक्टर समकालीन डिजाइन, शानदार इंटीरियर और नेक्सट लेवल की इंजीनियरिंग की वजह से अपने आप में सबसे अनोखी कार है। इस कार उन युवाओं और कारोबारी उपभोक्ताओं के दिलोदिमाग पर छाई हुई है, जो अपने लिए सबसे ज्यादा आरामदायक लक्जरी कार चाहते हैं।

रोल्स रॉयस की स्पेक्टर अपने सेगमेंट में एकमात्र ऐसी कार है, जो काफी दुर्लभ है और काफी डिमांड में है। मैं काफी उत्साहित हूं कि मुझे चेन्नई में इस शानदार मोटरकार के प्रदर्शन का अवसर मिला है। यह रोल्स रॉयस के नई इलेक्ट्रिक कारों के युग की बोल्ड शुरुआत होगी। 2021 में, रोल्स रॉयस मोटर कार्स ने ऐतिहासिक घोषणा की, जो रोल्स रॉयस के इतिहास को हमेशा के लिए नया आकार देगी। रोल्स रॉयस ने इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। कंपनी ने अपनी ऑल इलेक्ट्रिक कार स्पेक्टर की घोषणा की। इस कार की उपभोक्ताओं को पहली डिलिवरी 2023 की चौथी तिमाही में की गई। 2030 के अंत तक इसके पोर्टफोलियो में सभी कारें इलेक्ट्रिक हो जाएंगी। रोल्स रॉयल की ऐतिहासिक कहानी में यह महत्वपूर्ण क्षण है। स्पेक्टर का सफर काफी शानदार रहा है। स्पेक्टर 2.5 मिलियन किलोमीटर के सफर को सफलतापूर्वक पूरा कर सबसे कठिन टेस्टिंग प्रोग्राम की कसौटी पर खरी उतरी है। पिछले अक्टूबर में स्पेक्टर को इंग्लैंड में वेस्ट ससेक्स में रोल्स रॉयस के घर से दुनिया भर में लॉन्च किया गया। इस कार के परफॉर्मेंस के प्रति लोगों का रेस्पॉन्स काफी सकारात्मक रहा। इस साल क्लाइंट को कार की पहली डिलिवरी करने से पहले रोल्स रॉयस को 23 जनवरी को दक्षिण भारत के चेन्नई में लॉन्च किया गया। दुनिया की पहली अल्ट्रा लक्जरी इलेक्ट्रिक सुपर कूपे को एक क्षेत्रीय टूर पर समान रूप से उपभोक्ताओं और मीडिया को दिखाया गया।

## जियो सिनेमा पर राम जन्मभूमि मंदिर: द रिटर्न ऑफ ए स्प्लेंडिड सन का प्रसारण होगा

**मुंबई एजेंसी।** जियो सिनेमा पर 25 जनवरी से प्रतिष्ठित डॉक्युमेंट्री राम जन्मभूमि मंदिरः द रिटर्न ऑफ ए स्प्लेंडिड सन का प्रसारण हो रहा है। दिलीप पिरामल और अमीश त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत तथा अनिर्बन भट्टाचार्य और प्रणव चतुर्वेदी द्वारा लिखित, यह डॉक्युमेंट्री दर्शकों को अयोध्या की पवित्र भूमि के इतिहास और उन घटनाओं से रूबरू कराएगी, जो यह क्रांति लेकर आयीं। इस अभिनव डॉक्युमेंट्री में मर्यादा पुरूषोत्तम राम के प्रति विशुद्ध भक्ति भाव से ओत-प्रोत सभ्यता का केंद्र बने उस अजेय शहर में घटी घटनाओं की बारीकियों को दिखाया गया है। यह डॉक्युमेंट्री अमीश त्रिपाठी की नज़र से भगवान राम के जीवन के चित्रण से शुरू होती है, और 16 वीं शताब्दी में उनके मंदिर के विध्वंस की कहानी का खुलासा करती है। इसके बाद की घटनाओं में गहन संघर्षों और ऐतिहासिक निर्णयों, स्थानीय लोगों तथा विभिन्न क्षेत्रों की प्रभावशाली हस्तियों के जानकारीबद्ध क़िस्सों को दिखाया गया है। यह महत्वपूर्ण यात्रा पूरी दुनिया में लाखों लोगों के दिलों में जीवित है।

## होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई एनएक्स 500

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज रु 5,90,000 (एक्सशोरूम, नई दिल्ली) की आकर्षक कीमत पर नई 'एनएक्स500' एडवेंचर टूरर का लॉन्च किया है। नया मॉडल सीबीयू (कम्पलीटली बिल्ट-अप)रूट के माध्यम से भारतीय बाज़ार में उपलब्ध होगा। अपने लोकप्रिय विशेषताओं की धरोहर के साथ इसमें कई अपग्रेड्स और नए स्टाइलिंग फीचर्स लाए गए हैं। 'नई एक्स-ओवर' एनएक्स500 इस तरह से डिज़ाइन की गई है कि यह हर तरह की सड़क पर संतोषजनक अनुभव प्रदान करेगी फिर चाहे मिट्टी से भरे लम्बे रास्ते हों या लम्बी दूरी की रोमांचक राईड। नई एनएक्स500 की बुकिंग शुरू हो चुकी है, इसे बिगविंग डीलरशिप्स के माध्यम से भारत में बेचा जाएगा।



होण्डा की नई प्रीमियम एडवेंचर मोटरसाइकिल पेश करते हुए श्री सुत्सुमु ओतानी, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेज़ीडेन्ट एवं सीईओ, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ''आज हम भारत में बहु-प्रतीक्षित एनएक्स500 का लॉन्च कर रहे हैं, यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। यह आधुनिक स्ट्रीट एडवेंचर मोटरसाइकिल इनोवेशन के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और रोमांचक राईड का अनुभव प्रदान करती है। रोज़मर्रा के क्रॉसओवर डिज़ाइन, प्रीमियम टेक्नोलॉजी और लाईवली ट्विन सिलिंडर इंजन के साथ एनएक्स500 उपभोक्ताओं के लिए राईड के अनुभव को नया आयाम देने तथा दोपहिया वाहन पर एडवेंचर का जश्न मनाने के लिए तैयार है।''

## सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड बोर्ड ने 8064 मिलियन रुपये की धनराशि जुटाने को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (एसटीईएल) (बीएसईः 540642, एनएसई) लार्ज और हैवी स्टील स्ट्रक्चर्स के निर्माण में लगी हुई है, और टेलीकॉम, पावर, रेलवे और अन्य सहित विभिन्न प्रकार के उद्योगों को कस्टमाइज़ स्टील स्ट्रक्चर्स और ईपीसी सॉल्यूशंस देती है। कंपनी ने घोषणा की है कि 25 जनवरी 2024 को आयोजित अपनी बोर्ड मीटिंग में, बोर्ड ने विभिन्न प्रमोटर और नॉन-प्रमोटर एंटिटीज़ को, शेयरहोल्डर्स और अन्य रेगुलरिटी अथॉरिटी के अनुमोदन के अधीन, जैसा भी लागू हो, प्रेफेरेंशिएल बेसिस पर शेयर और कन्वर्टबल वारंट जारी करके 8064 मिलियन रुपये के फंड जुटाने को मंज़ूरी दे दी है।

नॉन-प्रमोटर ग्रुप कैटेगरी के अंदर नॉर्थ स्टार अपॉर्चुनिटीज़ फंड, एनएवी कैपिटल वीसीसी - एनएवी कैपिटल इमर्जिंग स्टार फंड, कोयस ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज़ फंड, एलारा इंडिया अपॉर्चुनिटीज़ फंड आदि को शेयर और/या वारंट इश्यू किए जाएंगे, प्रमोटरों में शशांक अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, राघव अग्रवाल और भरत अग्रवाल को वारंट जारी किया जाएगा।

यह प्रस्तावित आवंटन भी प्रत्येक इक्विटी शेयर और जारी किए गए वारंट के लिए संबंधित व्यक्तियों को प्रमोटर और नॉन-प्रमोटर, पब्लिक कैटेगरी से 4:1 के अनुपात में, प्रेफेरेंशिएल बेसिस पर जारी किए जाने वाले इक्विटी शेयर्स और वारंट्स के 4 फुली पैड बोनस शेयर्स के अधिकारी होंगे, क्योंकि प्रेफेरेंशिएल अलॉटमेंट के लिए निर्गम मूल्य कॉर्पोरेट कार्रवाई और रिकॉर्ड तिथि से पहले निर्धारित किया गया है।

इससे पहले, कंपनी को एक कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था, जिसकी कीमत 3,640 मिलियन रुपये थी। यह कॉन्ट्रैक्ट टर्नकी मोड में लॉस रिडक्शन कार्य के एग्जीक्यूशन पर आधारित है। यह कॉन्ट्रैक्ट कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें तमिलनाडु के इरोड जिले में पावर इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए व्यापक कार्य शामिल है। अनुबंध के तहत, सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (एसटीईएल) को फेडर सेग्रीगेशन, हाई वोल्टेज डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, डबल डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर को अलग करने और 33 केवी लाइन्स के संवर्द्धन की आपूर्ति, निर्माण और स्थापना का काम सौंपा गया है। उपरोक्त अनुबंध ऑर्डर बुक को और मज़बूत करता है और 36 महीनों के भीतर इसके पूरा होने की उम्मीद है, जिससे भारी एबिटा (श्ब्ङ्कञ्ञ्) मार्जिन प्राप्त होगा। ।

ऑर्डर की जीत पर कमेन्ट करते हुए, सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड की प्रबंधन टीम ने कहा कि, हमें एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जो उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और कटिंग एज इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस देने में हमारी क्षमताओं को रेखांकित करती है।

सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड ने तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 3,640 मिलियन रुपये का एक महत्वपूर्ण ईपीसी अनुबंध हासिल किया है। अनुबंध टर्नकी मोड में हानि कम करने के काम को निष्पादित करने पर केंद्रित है। हम डिज़ाइन और इंजीनियरिंग से लेकर मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग, सप्लाई, निर्माण और फेडर सेग्रीगेशन के इंस्टॉलेशन, हाई वोल्टेज डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, डबल डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर को अलग करने और 33 केवी लाइनों के विस्तार तक प्रोजेक्ट के हर पहलू को संभालेंगे। परियोजना को क्रमिक चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा।

2006 में इनकॉरपोरेटेड, सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड भारत में अनुकूलित स्टील फैब्रिकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस प्रदाता है।

## डीपीएमआई में वोकेशनल कोर्स के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (डीपीएमआई) में 5 वोकेशनल कोर्सेस के लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं। दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्थित डीपीएमआई की प्रिंसिपल डॉ.अरूणा सिंह ने बताया कि आजकल युवाओं में व्यावसायिक शिक्षा को लेकर आकर्षण बढ़ गया है। इसी को देखते हुए डीपीएमआई अलग-अलग तरह के पांच वोकेशनल कोर्स चला रहा है। इन कोर्सेस के माध्यम से छात्रों को ऐसे कौशल सिखाए जाते हैं, जिनकी उन्हें नौकरी के दौरान जरूरत होती है। डीपीएमआई द्वारा संचालित बैचलर ऑफ वोकेशन (बी वोक) प्रोग्राम के तहत पांच वोकेशनल कोर्स में एडमिशन लिए जा रहे हैं।



इनमें होटल मैनेजमेंट, लैब टेक्नीशियन, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन, रेडियोलॉजी और मेडिकल इमेजिंग टेक्नोलॉजी, ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी के पाठ्यक्रम शामिल हैं। ये सभी कोर्स सरकार की प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) योजना का भी हिस्सा हैं, जिसका मकसद मान्यता और मानकीकरण को बढ़ावा देना है। डॉ. अरूणा सिंह के मुताबिक बी वोक पारंपरिक शैक्षणिक कार्यक्रम से अलग है क्योंकि यह केवल सैद्धांतिक ज्ञान की बजाय एप्लिकेशन बेस्ड लर्निंग पर फोकस करता है। यह कार्यक्रम स्नातक अध्ययन प्रदान करने वाले विश्वविद्यालयों और कॉलेजों पर केंद्रित है, जिसमें सामान्य शिक्षा के साथ-साथ रोजगार भी शामिल हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in